जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

कोटा, बुधवार 18 सितम्बर, 2024



## विचार बिन्दु

करता सा सो क्यों किया, अब करि क्यों पछताए
बोवे पेड़ बबूल का, आम कहाँ से खाए। –कबीर

# जिम्मेवार पत्रकारिता की इतनी अधिक जरूरत पहले कभी न थी!

सत्ता के सामने अपना सच बोलना और समाज को आईना दिखाना बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी होती है जिसे पूरा करना बेहद मुश्किल काम होता है। इसलिए श्रमजीवी पत्रकार अपने पेशे में भारी दबाव और तनाव में रहते हैं। आज की दुनिया में, किसी श्रमजीवी पत्रकार का अपने कर्तव्य के आदर्श निभाना खांडे की धार पर चलने के समान हो गया है। उनके काम के घंटे लंबे होते हैं। वे लगातार कॉल पर रहते हैं। उनके लिये परिवार के साथ बिताने के लिए समय निकालना कठिन होता है। उनका वेतन भी बहुत उत्साहवर्धक नहीं होता है। वे पत्रकार जो संघर्ष वाले क्षेत्रों से खबरें भेजते हैं वे अपनी जान जोखिम में डालकर ऐसा करते हैं। नियमित बीट करने वाले भी अब सुरक्षित नहीं हैं। शक्तिशाली पदों पर बैठे राजनेता और नौकरशाह, सभी प्रकार के माफिया, और कानून को धता बताने वाले अन्य लोगों में से कोई भी श्रमजीवी पत्रकार के साथ सहज नहीं होता है। पत्रकारों को धमकियां मिलती हैं। उनके और उनके परिवारों के लिए ऐसे खतरों से निपटना आसान नहीं होता है। अन्य लोगों के लिए यह कल्पना करना ही मुश्किल है कि पत्रकार होना आज कितना दुरूह हो गया है। फिर भी, पत्रकारिता एक बेहद संतोषजनक पेशा है। कानूनी या चिकित्सकीय पेशे को महान पेशा माना जाता रहा है। पत्रकार का काम भी उनसे कम नेक नहीं है। इसीलिये सभी ने अनौपचारिक ही सही पत्रकारिता को लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा माना है। यह सही है कि कानूनी या चिकित्सकीय पेशेवर की तरह, एक पत्रकार के पास भी एक मजबूत नैतिक आधार और दिशा-निर्देश होना जरूरी है। किन्तु इस पेशे में पत्रकार का अपना विवेक ही उसका मार्गदर्शक होता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भारतीय संविधान में निहित एक मूल्यवान और पवित्र अधिकार है। ऐसी स्वतंत्रता के बिना लोकतंत्र में कोई भी आवश्यक और गंभीर चर्चा या बहस नहीं हो सकती। समाचार माध्यम ऐसी बहसों और चर्चाओं का मंच बनते हैं। लेकिन अब पत्रकारिता का स्वरूप पुराने ज़माने के स्वरूप से काफी अलग हो चला है। जीवन में चीजों का बदलना अपरिहार्य है। जैसे-जैसे हमारे आसपास की दुनिया बदली है, वैसे-वैसे ही मीडिया पत्रकारिता भी बदलती गई है। पत्रकारिता जगत में यदि कोई बदलने का इच्छुक नहीं हैं तो वह अवश्य ही पिछड़ जायेगा। पारंपरिक प्रिंट मीडिया के अलावा, अब हमारे पास डिजिटल समाचार मीडिया प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया रिपोर्टिंग भी है। इस प्रौद्योगिकी विकास ने ही वास्तव में पूरी पत्रकारिता को बदल कर रख दिया है। डिजिटल मीडिया का सबसे अधिक महत्व इस बात में है कि उसकी बदौलत अब लोगों को पहले की अपेक्षा अधिक जानकारी आसानी से और तुरंत उपलब्ध हो जाती है। मगर, इससे पत्रकारिता में कुछ समस्याएं भी पैदा कर दीं है। अब तो हर पल खबरें उपलब्ध हैं। चौबीसों घंटे 'रीयल टाइम' में रिपोर्ट देने का ज़माना है। इससे रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकार भारी दबाव में रहते हैं। टीवी चैनलों की रेटिंग की दौड़ में, किसी सूचना के प्रसारण से पहले सत्यापन के पत्रकारिता के महत्वपूर्ण सिद्धांत की पालना अब ताक में रखनी पड़ती है। इससे गलत रिपोर्टिंग का खतरा बढ़ जाता है। सोशल मीडिया उस गलत खबर को कुछ ही सेकंड में बढ़ा-चढ़ाकर वायरल कर देता है। एक बार किसी सूचना के प्रसारित हो जाने के बाद उसे वापस लेना कठिन होता है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विपरीत सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म को जवाबदेह ठहराना लगभग असंभव है, भले ही वे कॅरियर और जीवन को बर्बाद करने की क्षमता वाली अपमानजनक सामग्री धड़ल्ले से प्रस्तुत करते हैं।

एक और प्रवृत्ति जो इन दिनों रिपोर्टिंग में देखी जा रही है, वह है समाचारों में वैचारिक रुख और पूर्वाग्रहों का घुसना। व्याख्याएं और राय, तथ्यात्मक रिपोर्टों को अपने रंग में रंग रही हैं। विचारों के घालमेल वाले समाचार एक खतरनाक कॉकटेल बनाते है। इसी के साथ जुड़ी है आंशिक रिपोर्टिंग की भी समस्या है। किसी भाषण अथवा वक्तव्य के कुछ अंशों का एक निश्चित एजेंडे के अनुरूप – संदर्भ से बाहर – हाइलाइट किये जाने के उदाहरणों की कोई कमी नहीं है। प्रतिस्पर्धा के इस युग में इस पेशे के लोग यह भुला बैठे हैं कि टकराव वाली राजनीति और प्रतिस्पर्धी पत्रकारिता का मेल लोकतंत्र के लिए घातक हो सकता है। पत्रकार का किसी विचारधारा या राज्य के साथ मिल जाना आपदा को बुलावा देने जैसा होता है। पत्रकार एक मायने में न्यायधीश की तरह होते हैं जिनसे यह अपेक्षा होती है कि वे अपनी व्यक्तिगत मान्यताओं से प्रभावित हुए बिना अपना कर्तव्य निभायेंगे। संवाददाता का काम केवल तथ्यों को रिपोर्ट करना होता है। उनकी व्याख्या और विचारों के लिए समाचारों के कॉलम नहीं संपादकीट पृष्ठ होते हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी रिपोर्टर वाल्टर क्रोनकाइट ने कहा था– हम सभी की अपनी पसंद और नापसंद होती है। लेकिन... जब हम समाचार बना रहे होते हैं – जब हम पहले पन्ने पर समाचार बना रहे होते है, राजनीति को कवर कर रहे होते हैं –तब यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य होता है कि उसमें हम अपने पूर्वाग्रहों की छाया न पड़ने दें। बस यही बुनियादी पत्रकारिता है।

**दुर्भाग्य से बहुतों को अब ऐसा भी लग रहा है कि भारतीय लोकतंत्र के आदर्श को बचाने की पत्रकारिता से उम्मीद करना बेमानी है। बाज़ार आधारित शासन व्यवस्था में जहां एक राजनैतिक पक्ष द्वारा किया गया हर काम आवश्यक रूप से दूसरे के लिए बुरा और अस्वीकार्य हो चला है, वहीं मीडिया में पक्ष और विपक्ष की विनाशकारी राजनीति की व्याख्या करना जटिल होता जा रहा है। यह लोकतंत्र के हित में नहीं है।**

एक और मुद्दा जो इस समय प्रमुखता से छाया हुआ है वह है मीडिया में जानकारी देने की बजाय ध्यान खींचने पर जोर। ध्यान आकर्षित करने की आशा में समाचार रिपोर्टों के लिए जो शीर्षक दिए जाते हैं वे आकर्षक, लेकिन भ्रामक होते हैं। शीर्षक अक्सर रिपोर्ट की वास्तविक सामग्री को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं, खास पर डिजिटल मीडिया में। व्याख्यात्मक एवं काल्पनिक हेडलाइंस सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा होती हैं। जिन दबावों के तहत पत्रकार काम करते हैं हमें उनके प्रति सहानुभूति हो सकती है, लेकिन उन्हें बेलगाम होने की तो स्वीकृति नहीं दी जा सकती। समाचारों का व्यवसाय करने वाले संस्थानों और अन्य मीडिया संगठनों से आशा की जाती है कि वे यह अनुभव करें कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक पवित्र संवैधानिक अधिकार है। यह संविधान प्रदत्त ऐसी स्वतंत्रता है जो पत्रकारिता उद्यम, पत्रकारों, संपादकों और मीडिया प्रबंधन के प्रत्येक व्यक्ति पर बड़ी ज़िम्मेदारी डालती है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस फ्रैंकफर्टर ने एक बार कहा था– "प्रेस की स्वतंत्रता अपने आप में एक लक्ष्य नहीं है, बल्कि एक स्वतंत्र समाज बनाने का एक साधन है।" मगर भारतीय मीडिया में हम पाते हैं कि यहां हर बहस इस अर्थ में होती है कि क्या आप हमारे साथ हैं या हमारे खिलाफ? यह भी एक नई बात हुई है कि हमारा मीडिया विश्लेषण किसी अन्य संभावना को स्वीकार नहीं करता है। आपको या तो आपको अमुक के पक्ष में होना चाहिए, या उसके खिलाफ। यहां यह सवाल भी पूछना माकूल होगा कि आज की गला काट प्रतिस्पर्धी राजनीति आपसी विभाजनकारी लड़ाई में क्या मीडिया परस्पर सम्मान की पारस्परिक अभिव्यक्ति को सुरक्षित रख सकता है? आज की राजनीति पूरी तरह काले और सफेद तक सीमित हो गई है। बीच में कोई शेड नहीं है। किसी ने सही आंकलन किया है कि 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' भारतीय राजनीति पर लिखी किताब का शीर्षक कभी नहीं हो सकता।

लोकतंत्र एक सतत चलने वाली प्रक्रिया होती है, जो समाज के विभिन्न हितों के बीच आदान-प्रदान, बातचीत और समझौते की व्यवस्था करती है। इस प्रक्रिया को सतत बनाये रखने में पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वह संवाद को जगह देती है। संवाद भी कोई कबड्डी का खेल नहीं होता जिसमें खिलाड़ी को गिरा कर दबा लेना और दबे हुए का सांस रोके रख कर विपक्षी खिलाड़ी को उठा लाना होता है। यह किसी भी संजीदा पत्रकार की जिम्मेवारी होती है कि वह राजनेताओं की बक-बक को मर्यादा के मानकों में बनाये रखे और उनके आचरण का सतत आकलन करता रहे। पत्रकारों को उन लोगों द्वारा कही या की गई बातों को देखने या सुनने में सक्षम होना चाहिए जिनसे वे व्यक्तिगत स्तर पर बुनियादी तौर पर असहमत होते हैं। बहुत से लोग यह उचित ही मानते हैं कि हमारी राजनीति का यह दृष्टिकोण, जो हमारे मीडिया में प्रतिदिन आ रही रिपोर्टों द्वारा पुष्ट होता है, हमारे राजनीतिक विमर्श को दूषित कर रहा है। पल-पल में पार्टी की निष्ठा बदलने वाले आज के राजनेता जिन नीतियों के पैरोकार रहे, उनका ही विरोध करने में उन्हें कोई लाज नहीं आती। ऐसे माहौल में किसी निष्पक्ष वैचारिक बहस की संभावना सिर्फ पत्रकारिता में बच रहती है। दुर्भाग्य से बहुतों को अब ऐसा भी लग रहा है कि भारतीय लोकतंत्र के आदर्श को बचाने की पत्रकारिता से उम्मीद करना बेमानी है। बाज़ार आधारित शासन व्यवस्था में जहां एक राजनैतिक पक्ष द्वारा किया गया हर काम आवश्यक रूप से दूसरे के लिए बुरा और अस्वीकार्य हो चला है, वहीं मीडिया में पक्ष और विपक्ष की विनाशकारी राजनीति की व्याख्या करना जटिल होता जा रहा है। यह लोकतंत्र के हित में नहीं है। विचार-विमर्श की एक स्वस्थ परंपरा को पत्रकारिता ही पुनर्स्थापित कर सकती है। मगर वह पत्रकारिता कैसी हो? इस पर महात्मा गांधी की एक टिप्पणी याद आती है जिसमें उन्होंने कहा था: समाचार पत्र मुख्य रूप से लोगों को शिक्षित करने के लिए हैं। वे पाठकों को समसामयिक इतिहास से परिचित कराते हैं। यह कोई मामूली जिम्मेदारी का काम नहीं है। ऐसी जिम्मेदारी निबाह पाने वाले पत्रकार पहले समाचार संस्थानों में काम करते हुए खुद ही तैयार होते थे मगर जब से विश्वविद्यालयों व अन्य संस्थानों में पेशेवर पत्रकार तैयार होने लगे तभी से स्वतंत्र पत्रकारिता खो गई लगती है और जन-संचार सर्वव्यापी हो गया है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# हमें डरावने सपने क्यों आते हैं?



डॉ. रामावतार शर्मा

सपने आना एक सामान्य बात है। बचपन तथा युवावस्था में जब हमारा मस्तिष्क अति सक्रिय होता है तो अनगिनत सपनों का अंबार-सा लगा रहता है। बचपन तथा युवावस्था के सपने अकसर सुहाने होते हैं परंतु यह बात हर व्यक्ति पर लागू नहीं होती है। ऐसा माना जाता है कि हर 20 सपनों में से एक सपना डरावना होता है। इन सपनों को दुःस्वप्न या अंग्रेज़ी में नाइटमेयर कहा जाता है। चूंकि इस तरह के सपने आबादी के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करते हैं और कितने ही लोगों के सामान्य जीवन को नकारात्मक रूप में अव्यवस्थित भी करते हैं इसलिए इस विषय पर बेहतर जानकारी समाजोपयोगी हो सकती है। यहां एक स्वाभाविक जिज्ञासा उपजती है कि दुःस्वप्न हमारे अर्धचेतन या अचेतन मन में क्यों और किस तरह स्थापित रहते हैं? इसको जानना इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि डरावने सपने हमारे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण आयामों में से एक नींद को नष्ट करने में सक्षम होते है।

हर जीव की यह नैसर्गिक इच्छा होती है कि जब भी नींद में जाने का समय हो तो चंद ही क्षणों में उसका शरीर गहरी निद्रा में प्रविष्ट हो जाए ताकि वह जब जागृत स्थिति में आए तो स्वस्थ, तरोताजा और आनंदित महसूस करे, उसमें ऊर्जा का नव संचार हो और उसे महसूस हो कि वह अब अगले कई घंटों तक थकान से दूर रहेगा। ध्यान में रहना चाहिए कि नींद हमारे मस्तिष्क को विश्राम देती है, शरीर की मृतप्राय कोशिकाओं की जगह नई कोशिकाओं को स्थापित करती है, हृदय, लिवर, गुर्दे और मांसपेशियों को विश्राम दे कर उनमें ऊर्जा भरती है। स्वस्थ एवम् दीर्घायु शरीर के लिए निद्रा एक महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे में जब कोई डरावना सपना आए जिसमें आपको लगे कि आपको सांस लेना भारी पड़ रहा है और महसूस हो मानो छाती पर कोई भारी दैत्य आ बैठा हो तो आपको इसके निवारण के लिए गंभीरता से सोचना चाहिए। किसी भी समस्या के निवारण का प्रथम कदम होता है उसके कारण को विस्तृत रूप से समझना ताकि प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

डरावने सपने आने का सबसे बड़ा कारण प्रत्यक्ष या परोक्ष मानसिक तनाव या घबराहट को माना जाता है। जब आप अपने दिन को रात में घसीट लाते हैं तो दिन के साथ रात भी कष्टपूर्ण हो जाती है। आज के समय में अधिकतर लोगों के जीवन में आनंद की बजाय सुविधाएं और स्टेटस अधिक महत्वपूर्ण हो चले हैं। आनंद स्थाई रह सकता है जबकि सुविधाओं और स्टेटस का लगातार ह्रास होता रहता है परंतु इस बात को समझ लेना और फिर आत्मसात कर लेना हर मनुष्य के लिए सम्भव नहीं होता है। यह एक बड़ा कारण है कि दिन अपनी सारी समस्याओं के साथ रात में प्रविष्ट हो लोगों को चैन की नींद नहीं लेने देता है। इस सब का एक दुष्परिणाम डरावने सपने हो सकते है। इसके अलावा सामाजिक मीडिया का राजनीतिकरण और वहां फेक वीडियो द्वारा बर्बर हिंसा की संभावनाओं का दुष्प्रचार, ओटीटी सीरियल्स द्वारा हिंसा, आतंक और भय का प्रसार, टीवी समाचारों में हिंसा और भयानक दुर्घटनाओं के दृश्य का प्रसारण आदि कई कारण होते हैं जिनके फलस्वरूप अर्ध सुषुप्त मस्तिष्क दुःस्वप्न की स्थिति में आ जाता है। हॉरर सिनेमा डरावने सपनों का एक महत्वपूर्ण कारक है।

युद्ध से लौटे सैनिक, अति कष्टदायक प्रसूति से गुजरी महिला, प्राणघातक दुर्घटना से बचे लोग आदि के मन पर ऐसे कारक अंकित हो जाते हैं जो लोगों को जीवनपर्यंत के डरावने सपनों की दुनिया में धकेल सकते हैं। ये सब ऐसी परिस्थितियां हैं जो मस्तिष्क की गहराइयों में स्थापित हो जाती है और रात की नींद को बुरी तरह से कुप्रभावित करती हैं। ब्लैकमेलिंग, हत्या की आशंका, अत्यधिक पाने को दौड़ भी कई बार डरावने सपनों को जन्म दे सकती हैं। मोटापे के कारण उपजी स्लीप एपनिया की स्थिति भी अकसर कुस्वप्न का कारण बन सकती है। नशीले पदार्थों का सेवन, अत्यधिक शराब और सोने से पहले कॉफी का सेवन भी डरावने सपनों को आमंत्रण देना है। नींद यदि पूरी नहीं की जाए या फिर टुकड़ों में ली जाए तो भी भय पैदा करने वाले सपने आ सकते हैं।

नाइटमेयर के कारणों की जानकारी और फिर उनके निवारण का प्रयास ही इसका इलाज है। यहां किसी दवा की बजाय एक अनुभवी संवाद चिकित्सक (टॉक काउंसलर) से बातचीत अधिक उपयोगी हो सकती है। आपका सलाहकार डरावने सपने रोक तो नहीं पाएगा परंतु सपने में यदि आप किसी हवाईजहाज से सीधे नीचे गिर रहे होंगे तो पैराशूट खुलने में सहायक जरूर होगा ताकि आप सुरक्षित धरती पर उतर सकें।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ में शामिल हुये सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत

## डॉ. मोहन भागवत ने पावटा के बाबा बालनाथ मंदिर परिसर में महायज्ञ में आहुति दी

**पावटा, (निसं)।** पावटा कस्बे के बावड़ी स्थित बाबा बालनाथ मंदिर परिसर में बाबा बस्तीनाथ के सान्निध्य में एक वर्ष चलने वाले महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ में मंगलवार को संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने शिरकत की।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत अलवर प्रवास कार्यक्रम के बाद मंगलवार सुबह 10 बजे सड़क मार्ग से बावडी स्थित यज्ञ स्थल पर पहुंचे, जहां यज्ञशाला पहुंचकर उन्होंने यज्ञ में आहुति दी। वहीं बाबा बस्तीनाथ ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को यंत्र धातु का स्मृति चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान डॉ. मोहन भागवत ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्रद्धालुओं को देश और समाज के काम में साधु-संतों का विशेष योगदान होने व हिंदू संस्कृति की रक्षा सामाजिक समरसता के लिए सभी को मिलकर एक-दूसरे के लिए जीने की कल्पना, एक-दूसरे का

**■ मोहन भागवत ने मंदिर परिसर में पौधरोपण कर श्रद्धालुओं को संबोधित किया**

सहयोग करके सभी को अपने बराबर लाने का भाव रखकर समाज में काम करने की बात कही। इसके बाद डॉ. भागवत शाहपुरा के लिए रवाना हो गये। आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत को जेड प्लस सिक्योरिटी मिली हुई है। ऐसे में जिला प्रशासन भी उनकी सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर था। सुबह से ही आश्रम के चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों का पहरा था। इसे लेकर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था थी। विराटनगर डीवाईएसपी रोहित सांखला ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते एसपी, दो एडिशनल एसपी, चार डीवाईएसपी, आठ थानाधिकारी समेत 250 पुलिसकर्मी तैनात रहे।



बाबा बस्तीनाथ ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को यंत्र धातु का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया।

# अमेरिकी जवानों ने महाजन फील्ड फॉयरिंग रेंज में 36 डिग्री तापमान में निशाना साधा

## 35 डिग्री में रहने वाली विदेशी सेना राजस्थान में कर रही है युद्धाभ्यास

**बीकानेर, (निसं)।** अमेरिकी और भारतीय सेना की जल्दी ही अग्निपरीक्षा शुरू होगी। दोनों देशों की सेनाओं को अपना दमखम दिखाने का मौका दिया जाएगा। 72 घंटे तक चलने वाली लड़ाई बस प्रैक्टिस (अभ्यास) के लिए होगी। इस दौरान दोनों देशों के सेना के जवान संयुक्त रूप से आतंकी ठिकानों को टारगेट करेंगे। 35 डिग्री में रहने वाली विदेशी सेना के जवान राजस्थान (बीकानेर) के रेगिस्तान में पिछले करीब एक हफ्ते से पसीना बहा रहे हैं। 36 डिग्री की गर्मी में दुश्मनों को मात देने के गुर सीख रहे हैं। दोनों देशों के इस संयुक्त अभ्यास में बड़ी संख्या में महिला सैनिक भी हिस्सा ले रही हैं।

अमेरिकी आर्मी से करीब 50 महिलाएं इस युद्धाभ्यास में शामिल हुई हैं। वहीं इतनी ही संख्या भारत की ओर से भी है। दोनों सेनाओं की महिलाएं भी पुरुष जवानों के साथ भारी हथियारों से लेकर हलके हथियारों को चलाने की प्रैक्टिस कर रही हैं। अमेरिका के जवान हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम और एम 777 हॉवित्जर तोप लेकर आए हैं। इन दोनों की ट्रेनिंग भारतीय जवानों को दी जा रही है।

इसके साथ ही भारतीय जवान पैदल सेना के रूप में दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने की तकनीक सीख रहे हैं। अमेरिकी सेना भीषण गर्मी में युद्धाभ्यास के तरीके सीख रही है। एम 777 हॉवित्जर तोप के माध्यम से इन ठिकानों पर निशाने साधे जा रहे हैं। माइनस डिग्री में काम करने वाले अलास्का के ये अमेरिकी जवान मंगलवार को महाजन फील्ड फायरिग रेंज में 36 डिग्री तापमान में निशाने साधते नजर आए।

इंडियन आर्मी और अमेरिकी सेना के युद्धाभ्यास का 20वां एडिशन बीकानेर के महाजन फायरिंग रेंज में नौ सितंबर को शुरू हुआ था। 22 सितम्बर तक चलने वाले इस अभ्यास में इंडियन आर्मी के साथ दुनिया के शक्तिशाली देश अमेरिका के जवान हिस्सा ले रहे हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है। 14 दिन तक चलने वाले इस अभ्यास के अंतिम 72 घंटे बहुत ही महत्वपूर्ण होंगे। इस दौरान दोनों सेनाओं के 1200 सैनिक आपस में ही लड़ेंगे।

यह अभ्यास आतंकी गतिविधियों से निपटने में मददगार साबित होगा। दोनों देशों के संयुक्त ऑपरेशन से भी यह जुड़ा है। अंतिम क्षणों में आतंकी ठिकानों पर हमले के दौरान आपसी तालमेल का भी शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। अभ्यास के लिए अमेरिका के अलास्का में तैनात आर्मी भारत आई है। इसे "आर्कटिक एंजेल्स" के नाम से जाना जाता है। अमेरिका की यह टुकड़ी -35 डिग्री की ठंड में युद्ध करने में माहिर है। वहीं भारत की 9वीं राजपूत इन्फेंट्री इसमें भाग ले रही है। इसके सभी जवानों की मूंछें एक जैसी हैं। एक साल पहले भारतीय सेना के जवान अलास्का गए थे। वहां -35 डिग्री में युद्ध करने के टिप्स लिए थे। अब अमेरिका से सेना यहां (भारत) आई है।

अमेरिकी सेना के 600 जवान भारतीय सैनिकों के साथ रेगिस्तानी इलाकों में युद्ध का अभ्यास कर रहे हैं। दोनों देश साथ मिलकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के मिशन पर काम कर रहे हैं। दोनों देश टैंक, राइफल लेकर मैदान में उतरेंगे। यहां आतंकी ठिकानों को तोप से उड़ाने की प्रैक्टिस करेंगे। दुश्मन के नजदीक जाकर छुरे से उसका सीना चीर देने की एक्सरसाइज करेंगे। इस दौरान दोनों सेनाएं आपसी तालमेल का भी प्रदर्शन करेंगी। यह मिशन आतंकी गतिविधियों को रोकने के लिए आयोजित किया जाएगा।

पिछले 9 दिन से अमेरिका और भारत की सेना के जवान महाजन रेंज में फायरिंग का अभ्यास कर रहे हैं। इस दौरान कभी तोप से हमला करना तो कभी राइफल लेकर धोरों में दौड़ने की प्रैक्टिस चल रही है। दोनों सेनाओं के जवान एक दूसरे के हथियारों को देख और समझ रहे हैं। ताकि भविष्य में कभी आतंकी हमले में संयुक्त सेना मिशन पर जाएं तो आपसी तालमेल बेहतर रहे।

भारतीय जवान अमेरिका के हाई मोबिलिटी रॉकेट तकनीक को समझ रहे हैं। हाल ही में यूक्रेन-रूस के समय अमेरिकी जवानों ने यूक्रेन के लिए इस रॉकेट का उपयोग किया था। करीब 310 किलोमीटर मारक क्षमता वाली ये रॉकेट तकनीक कैसे काम करती है, इसका भी प्रशिक्षण लिया जा रहा है। 21 सितम्बर को इसका प्रदर्शन करने की तैयारी हो रही है। दोनों देशों के जवान सूर्योदय से पहले दौड़ लगाने निकल जाते हैं। इसके बाद दिनभर युद्धाभ्यास का आयोजन होता है और शाम को वक्त मिलते ही जवान क्रिकेट और फुटबॉल जैसे खेल भी खेल रहे हैं। अमेरिका के सैनिक फुटबॉल को काफी पसंद कर रहे हैं।

अलास्का अमेरिका की सबसे ठंडी जगहों में से एक है। यहां सर्दियों में तापमान -35 डिग्री तक चला जाता है। अलास्का ऑर्ग के अनुसार, 1961 में यहां -61 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। इसी भीषण बर्फ की जगह में अमेरिका की आर्कटिक एंजेल्स अपनी प्रैक्टिस करती है। भारत की पैदल सेना राजपूत इन्फेंट्री, अमेरिकी सैनिकों को अर्द्ध रेगिस्तानी इलाकों में फायरिंग व आर्टिलरी ट्रेनिंग दे रही है। भारत की 9 राजपूत इन्फेंट्री के पास पैदल जवान और जमीन से जमीन, जमीन से हवा में मार करने वाले हथियार हैं। भारतीय जवान छुरे और अन्य हथियारों से दुश्मन को मारने की ट्रेनिंग भी दे रहे हैं। इस अभ्यास में धोरों में खुद को छुपाकर दुश्मन के नजदीक आते ही हमला करने के गुर सिखाए जा रहे हैं।

# जयसमंद सेंचुरी में एक अक्टूबर से सफारी शुरू होगी

**उदयपुर, (निसं)।** जयसमंद सेंचुरी में एक अक्टूबर से जीप सफारी शुरू होगी। इसको लेकर वन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। जयसमंद पाल पर रूठी रानी महल तक जाने के लिए भी ट्रैक तैयार किया गया है। सफारी के दौरान तेंदुए, चिंकारा, चीतल, जंगली सूअर, भालू, नीलगाय, मोर, बंदर आदि प्रजाति के वन्य जीवों को देखा जा सकता है। सेंचुरी में चिंकारा के कुनबे में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इसके लिए वन विभाग की ओर से सेंचुरी के 400 हैक्टेयर एरिया में ग्रासलैंड तैयार करवाया गया है।

विभाग के अनुसार सेंचुरी में 40 चीतल, 20 सांभर,160 नीलगाय, 9 चिंकारा है। वाइल्ड लाइफ टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सफारी की मार्केटिंग भी की जा रही है। जयसमंद सेंचुरी में दो फेरों में सफारी होती है। सुबह 6 से 9 बजे तक और शाम को 4 से 6 बजे तक। जयसमंद पाल पर रूठी रानी महल तक जाने के लिए भी ट्रैक तैयार किया गया है। इससे पर्यटक आसानी से महल तक पहुंच जाते हैं। यह ट्रैक 2.5 किमी लंबा है। झील के किनारे-किनारे पहाड़ी पर जा रहे इस ट्रैक से सर्दियों में धूप सेंकते हुए मगरमच्छ को देखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार पिछले साल मई माह में जयसमंद सेंचुरी में जीप सफारी शुरू की गई थी। इसमें 14 और 22 किमी के दो ट्रैक बने हुए हैं। सेंचुरी का गेट उदयपुर-बांसवाड़ा हाईवे पर स्थित है। हर साल मानसून में एक जुलाई से 30 सितंबर तक प्रदेशभर में सभी सेंचुरी और टाइगर रिजर्व में जीप सफारी बंद रहती है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 18 सितम्बर, 2024**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, बुधवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र दिन 11:00 तक, गंड योग रात्रि 11:28 तक, बव करण प्रातः 8:04 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-मीन, मंगल-मिथुन, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज कुमार योग प्रातः 8:04 से दिन 11:00 तक है। राजयोग रात्रि 4:20 से सूर्योदय तक है। आज शुक्र तुला राशि में दिन 1:57 पर प्रवेश करेगा। आज सत्यव्रत है। सिंजा माता पूजन, भागवत सप्ताह और गोत्रि रात्रि व्रत आरम्भ होंगे। आज प्रतिपदा तिथि का क्षय हुआ है। आज से पितृपक्ष महालय श्राद्ध आरम्भ होंगे। आज प्रतिपदा का श्राद्ध है। आज क्षमावाणी और पडवा ढोक (जैन) और पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:19 तक, शुभ 10:50 से 12:21 तक, चर 3:23 से 4:54 तक, लाभ 4:54 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:17, सूर्यास्त 6:25

**मेष**
पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। समय अनर्गल कार्यों में खराब होगा।

**वृष**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। रचनात्मक कार्यों में समय व्यतीत होगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक यात्रा संभव है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कन्या**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**धनु**
घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 49 संख्याः 336 प्रभात कोटा, बुधवार 18 सितम्बर, 2024 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.


# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उनसे प्रेरणा लेने का आव्हान किया

## बिड़ला सभागार में विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह

जयपुर, 17 सितंबर (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की 8 करोड़ जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आज 10 हजार करोड़

- **मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में दस हजार करोड़ रु. से अधिक के कार्यों का शिलान्यास किया और इसे विकसित राजस्थान की प्राप्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।**
- **इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 86 नगर पालिकाओं को 50 करोड़ रु. की आर्थिक सहायता करने की भी घोषणा की।**

रूपए से अधिक के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उन्होंने 86 नगर पालिकाओं को 50 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता जारी करने की घोषणा भी की।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर बिड़ला सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कई लोककल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की।*

मुख्यमंत्री मंगलवार को बिड़ला सभागार में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव, पी.एम. आवास योजना-ग्रामीण, स्वच्छता ही सेवा अभियान, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मा) वाउचर योजना और अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ''सेवा पखवाड़ा'' मनाएगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर दो अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसमें रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे और मोदी के जीवन पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा, रक्तदान, वृक्षारोपण, दिल्ली में झुग्गी बस्तियों का सफाई अभियान जैसे कार्यक्रम चलाए जाएंगे। देश मोदी के नेतृत्व में विकसित

- **भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा मोदी के जन्मदिन से शुरु होकर महात्मा गांधी के जन्मदिन तक चलेगा।**

भारत की ओर बढ़ रहा है।

नड्डा ने कहा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में कई क्रांतिकारी काम किए गए हैं। इसमें इन्फ्रास्टक्चर के लिए तीन लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं तथा 25,000 गांवों को सड़कों से जोड़ा गया है और 62,500 किलोमीटर लम्बी ऑल वैदर सड़कें बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबो के लिए 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी है और यूनीफाइड पेंशन योजना को स्वीकृति देने के साथ 15 नई वंदे भारत ट्रेनों को भी शुरू किया गया है।

# चुनाव के पूर्व केजरीवाल कई मनलुभावन स्कीम लागू करना चाहते थे

## पर जमानत की शर्तों के कारण उनके हाथ बंध गये थे, अतः आतिशी को लाना पड़ा नये मुख्यमंत्री के रूप में

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर छः महीने दिल्ली के तिहाड़ जेल में बिताने के बाद जमानत पर बाहर आए अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद आतिशी मारलेना को अपना उत्तराधिकारी चुना है।

अगले वर्ष के आरंभ में दिल्ली के विधानसभा चुनाव होने हैं, केजरीवाल चुनाव से पूर्व दिल्ली की जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं तथा अन्य स्कीम शुरु करना चाहते थे, लेकिन जमानत की शर्त के रुप में सुप्रीम कोर्ट ने उनके हाथ बांध दिए, यह कहकर कि वो किसी फाइल वगैरह पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते, ऐसे में केजरीवाल ने कथित रुप से निर्णय लिया कि वो पद छोड़ देंगे और दिल्ली चुनाव के लिए संघर्ष करेंगे।

उन्हें उम्मीद है कि वो दिल्ली के मुख्यमंत्री के रुप में वापस आ सकते हैं और मुख्यमंत्री के रुप में अपने कार्य कर पाएंगे।

उनके अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने उन्हें इस बात का आश्वासन दिया है। सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल

- **आतिशी के मां-बाप, जो दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर थे, ने अपनी पुत्री का नाम मारलेना (मार्कसिस्ट-लेनिनिस्ट) रखा।**
- **केजरीवाल को पूरा भरोसा था, कि इस कट्टर वामपंथी पृष्ठभूमि के बाद आतिशी और कुछ भी करें, भाजपा से हाथ नहीं मिलायेंगी।**
- **इस विश्वास के कारण ही केजरीवाल ने आप पार्टी के मुख्यमंत्री पद के अन्य उम्मीदवारों के बजाय आतिशी को चुना, मुख्यमंत्री पद की जिम्मेवारी सौंपने के लिए।**
- **एक उल्लेखनीय बात यह भी है, कि भाजपा की चुनावी गणित का आधार यह ''कैल्कुलेशन'' था, कि दिल्ली में शीघ्र ही राष्ट्रपति शासन लागू होगा, प्रशासनिक पेचीदगियों के कारण और भाजपा की राह आसान हो जायेगी। पर, केजरीवाल ने 'इस्तीफा' देकर व नया मुख्यमंत्री बनवाकर, भाजपा की ''प्लानिंग'' पर पानी फेर दिया।**

कई तरह के विकल्पों पर विचार कर रहे थे, जिसमें उनकी पत्नी सुनीता तथा दिल्ली विधानसभा स्पीकर का भी नाम था, लेकिन अंततः उन्होंने आतिशी का नाम फाइनल किया, क्योंकि, दिल्ली में आतिशी एक जाना-माना चेहरा हैं और केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से उन्होंने पूरा मोर्चा संभाल रखा था।

आतिशी ना केवल एक जुझारु योद्धा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ममता बनर्जी ने अपने पसंदीदा पुलिस कमिश्नर का ट्रांसफर किया

## मुख्यमंत्री ने राज्य की मेडिकल व्यवस्था पर सालों से कुण्डली मार कर बैठी अफसर शाही के कुछ अफसरों का तबादला किया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। ममता बनर्जी जो ''एग्री यंग वुमन'' के नाम से विख्यात रही हैं, ने अपने लम्बे राजनैतिक जीवन में पहली बार हार मानी है। उन्हें जूनियर डॉक्टर्स की मांग मानकर अपने प्रिय पुलिस अफसर विनीत गोयल को कलकत्ता पुलिस प्रमुख के पद से हटाना पड़ा।

नए कमिश्नर मनोज कुमार वर्मा की प्रतिष्ठा दबंग व कठोर पुलिस अफसर की है, उन्होंने जंगल महल में माओवादी बगावत को दबाने में भारी सफलता प्राप्त की थी।

जूनियर डॉक्टर्स के आंदोलन से पता लगा कि राज्य के समूचे मैडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर कुछ तृणमूल नेताओं

- **पर आन्दोलनकारी जूनियर डॉक्टर इन तबादलों/बर्खास्तगी को पर्याप्त नहीं मान रहे, तथा आंदोलन वापस लेने को राजी नहीं हुए हैं अभी तक।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने भी आज सुनवाई के बाद, ममता बनर्जी के प्रति रुख कड़ा किया, तथा युवा डॉक्टर के ''रेप'' व ''हत्या'' के बाद, पुलिस की तहकीकात व अन्य कार्यवाही को बहुत लचर माना।**
- **अतः जूनियर डॉक्टरों ने आन्दोलन को वापस लेने व काम शुरू करने के बारे में कोई खास रूचि नहीं दिखाई है।**

की कितनी गहरी पकड़ है। लेकिन वरिष्ठ तृणमूल नेता सुगत रॉय ने उन परिवर्तनों की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कुछ आई.पी.एस. अफसरों को एक जगह से हटाकर दूसरी जगह लगा देने से कोई अंतर नहीं पड़ेगा। ये युवाओं के लिए लॉलीपॉप है। उन्होंने कहा कि यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# खड़गे ने मोदी को जन्मदिन की बधाई दी

-जाल खंबात-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी और महाराष्ट्र के एक विधायक द्वारा राहुल गांधी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर प्रधानमंत्री

- **बधाई के साथ ही मोदी से महाराष्ट्र के उस विधायक की शिकायत भी की जिसने राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को दस लाख रु. देने की बात कही थी।**

का ध्यान खींचा। उक्त विधायक ने कहा था कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को वे दस लाख रुपये देंगे।

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में खड़गे ने कहा कि सत्तारुढ़ पार्टी और विपक्ष के बीच सम्मानजनक मतभेदों का लम्बा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नीतीश कुमार के लैंड सर्वे से बिहार में सत्तारुढ़ गठबंधन में खटास उभरी

## नीतीश ने आनन फानन में एक प्राइवेट एजेंसी से जुलाई में लैंड सर्वे शुरु करवा दिया था

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा की गई ''लैण्ड सर्वे'' की पहल के कारण, राज्य विधानसभा चुनावों के एक वर्ष पहले ही राजनैतिक घबराहट पैदा हो गई है। इस पहल को लेकर, सत्तारूढ़ गठबन्धन के पार्टनरों के बीच की असहमतियाँ खुले में आ गई हैं।

एकाएक लिये गये इस निर्णय के तहत तथा बिना किसी पूर्व-तैयारी के, कुमार ने जुलाई मे एक प्राइवेट एजेंसी को यह काम सौंप दिया कि वह कृषि भूमि पर जी.पी.एस. डेटा लॉन्च करे। और सर्वे का काम शुरू हो गया। नीतीश ने जमीन के मालिकों तथा किसानों से कहा कि यह सर्वे ऐसे रिकॉर्ड तैयार करने के लिए कराया जा रहा, ताकि यह स्थापित हो सके कि वे लोग सम्बन्धित जमीन के

- **लैंड सर्वे में जमीनों के मालिकों से जमीन के दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, जिससे राज्य में भारी पैमाने पर रिश्वत का खेल शुरु हो गया है।**
- **गरीब किसानों को जमीनों के कागज जुटाने के लिए अधिकारियों व वकीलों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जनता में नाराज़गी उभर रही है, जो आगामी चुनाव में सत्तारुढ़ गठबंधन के लिए मुश्किल खड़ी कर सकती है।**

वास्तविक मालिक हैं।

पटना स्थित ''ए.एन.सिन्हा इन्स्टीट्यूट ऑफ सोशल साइन्सेज़'' के पूर्व निदेशक प्रो. डी.एम. दिवाकर ने कहा है, ''यह कथन दायें हाथ को गर्दन के पीछे होकर नाक पकड़ने के समान है। राज्य सरकार के पास ''लैंड रिकॉर्ड्स डिपार्टमेंट के शिड्यूल-1 तथा शिड्यूल-2 में जमीन के रिकॉर्ड्स पहले से ही मौजूद हैं। सरकार को चाहिए था कि वह राजस्व-रिकॉर्ड्स को सरल करके, सरकारी वेबसाइट पर डिसप्ले कर देती तथा किसानों से उनकी प्रतिक्रियाएं मांग लेती। चूँकि ऐसा नहीं किया गया, इसलिए घोर उलझन की स्थिति पैदा हो गई है।''

पूरे राज्य में, भ्रम उलझन तथा डर फैल गया है तथा एक नया रिश्वत-उद्योग अस्तित्व में आ गया है क्योंकि किसान जमीन के रिकॉर्ड हासिल करने के लिए दलालों, वकीलों तथा अधीनस्थ नौकरशाही के अधिकारियो के पास चक्कर काट रहे हैं। जहाँ मुख्यमंत्री कुमार ने यह घोषणा कर दी है कि सर्वे का काम अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावो से पहले पूरा हो जाएगा, वहीं, भाजपा ने घोषणा की है कि सर्वे की पूर्णता के लिए कोई अन्तिम तिथि नहीं होगी।'' भाजपा नेता तथा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को घोषणा की कि सरकार ''सर्वे-प्रक्रिया को तब तक जारी रखेगी, जब तक लोग अपने दस्तावेजों की व्यवस्था नहीं कर लेते।'' एच.ए.एम., जो एन.डी.ए. का घटक दल है, के अध्यक्ष जीतन राम माँझी ने हाल ही में ''भूमि सम्बन्धी अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें बढ़ने'' की बात कही थी। आर.जे.डी. के तेजस्वी यादव तथा नव-

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जेडीए की जमीन पर अतिक्रमण, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

जयपुर, 17 सितंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने गोपालपुरा बाईपास पर गुर्जर की थड़ी के पास जेडीए की जमीन पर अतिक्रमण के मामले में प्रमुख यूडीएच सचिव, जेडीए सचिव, जेडीसी, जेडीए

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने गुर्जर की थड़ी के पास जे.डी.ए. की जमीन पर अतिक्रमण के मामले में यू.डी.एच. सचिव, जे.डी.ए सचिव तथा जे.डी. सी. व अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी किए।**

के विधि निदेशक और मुख्य प्रवर्तन अधिकारी सहित अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश संजय शर्मा की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनीं आतिशी

## आतिशी, केजरीवाल की सर्वाधिक विश्वस्त व आप सरकार की सबसे अनुभवी मंत्री हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर-दम्पत्ति विजय कुमार सिंह तथा तृप्ता वाही की पुत्री आतिशी की विद्यालयी शिक्षा दिल्ली के स्प्रिंगडेल्स स्कूल में हुई। प्रतिष्ठित सेंट स्टीफन्स से उन्होंने ग्रेजुएशन तथा पोस्ट-ग्रेजुएशन (इतिहास) किया। तियालिस वर्षीय रोड्स स्कॉलर तथा ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की छात्रा रहीं आतिशी के पास इस समय दिल्ली सरकार के सर्वाधिक मन्त्रालय हैं, जिनमें वित्त, शिक्षा, बिजली, सार्वजनिक निर्माण विभाग एव सेवाएं शामिल हैं।

वे आप की संस्थापक सदस्य थीं तथा उन्होंने आप की नीतियों को आकार देने में मुख्य भूमिका निभाई थी। वे 2013 की ''मैनिफेस्टो ड्राफ्टिंग कमेटी'' की प्रमुख सदस्य थीं।

आतिशी ने मध्यप्रदेश के एक गाँव में 7 साल रहकर, ऑर्गेनिक कृषि तथा प्रगतिशील शिक्षा पर अपना पूरा ध्यान केन्द्रित रखा। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि उनके इस अनुभव ने राजनैतिक परिवर्तन के प्रति उनकी निष्ठा को मजबूत करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई।

वे सरकारी स्कूलों के कायाकल्प का सशक्त माध्यम एवं अत्यधिक मददगार रही हैं। शैक्षिक सुधारों के क्रियान्वयन में उनकी भूमिका के फलस्वरूप, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। उनका प्रभाव शिक्षा के क्षेत्र से और आगे जाकर, दिल्ली के जल-संकट तथा महिला-सुरक्षा जैसे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों तक भी पहुँचा है।

कालकाजी सीट से विधायक चुनी गईं आतिशी दिल्ली केबिनेट में मार्च, 2023 में उस समय शामिल हुईं, जब सिसोदिया ने दिल्ली शराब नीति, जो अब रद्द कर दी गई है, को लेकर इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद से ही,

- **आप की राजनीति में आतिशी के उदय का संकेत तब मिला जब 2023 स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में केजरीवाल के जेल में होने पर आतिशी को झंडा फहराने के लिए चुना गया, हालांकि केन्द्र सरकार ने ऐसा होने नहीं दिया था।**
- **आप की स्थापना से लेकर सरकार बनाने सहित हरेक मुहिम में आतिशी ने केजरीवाल का पूरा साथ दिया।**
- **आतिशी की मां तृप्ता वाही और पिता विजय कुमार सिंह दिल्ली युनिवर्सिटी के प्रोफेसर थे। खुद आतिशी की शैक्षणिक पृष्ठभूमि बेहद शानदार रही है।**

उन्होंने सरकारी प्रोजेक्टों में अग्रणी भूमिका निभाई है। केजरीवाल और सिसोदिया के जेल चले जाने के बाद, उन्होंने प्रायः आप के चेहरे के रूप में काम किया है।

आतिशी का नेतृत्व 2023 के स्वतन्त्रता दिवस समारोह के दौरान फोकस में आया, जब केजरीवाल की गैरमौजूदगी मे उनका चयन राष्ट्रध्वज फहराने के लिये किया गया। यद्यपि दिल्ली के उपराज्यपाल ने इस योजना को रोक दिया था, लेकिन यह चयन पार्टी के अन्दर उनके उदय के एक प्रतीकात्मक क्षण का रूप ले चुका था।

2022 में उन्होंने न्यूयॉर्क में ''यूनाइटेड नेशन्स जनरल असैम्बली''(यू.एन.जी.ए.) को सम्बोधित करते हुए, दिल्ली को शहरी शासन-प्रशासन के लिए वैश्विक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया था।

जमीनी संगठनों में अपना केरियर शुरू करने के बाद, आतिशी पार्टी में निरन्तर उच्चतर सोपानों पर चढ़ती रही हैं। पिछले सप्ताह, पहले के केस में (बाद के केस में तो उन्हें जुलाई में ही राहत मिल गई थी।) केजरीवाल को जमानत देते समय, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि ''लम्बे समय तक उन्हें जेल में डाले रखना, उन्हें स्वतन्त्रता से अन्यापूर्ण तरीके से वंचित रखने के बराबर था।''

केजरीवाल ने रिहा होने के बाद कहा था, ''मुझे कानूनी अदालत से तो न्याय मिल गया, .......... अब मुझे जनता की अदालत से न्याय मिलेगा। मैं दिल्ली की जनता से पूछना चाहता हूँ, केजरीवाल दोषी है या निर्दोष ? अगर मैंने काम किया हो तो मुझे वोट दीजिए।''

रविवार को केजरीवाल द्वारा की गई एकाएक घोषणा, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री पद से हट जाने की घोषणा की थी, को सुनकर, राष्ट्रीय राजधानी की राजनीति में विस्मय की लहरें गुजर रही थीं। इस साहसिक कदम के जरिये, आप संयोजक ने अपने नैतिक कद को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करने की कोशिश की थी, ताकि विपक्ष की ताकत थम कर रह जाए।

आबकारी नीति केस से सम्बन्धित आरोपों को लेकर, जब से केजरीवाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में डाले गए थे, भारतीय जनता पार्टी चिल्ला-चिल्लाकर उनके इस्तीफे की माँग कर रही थी। केजरीवाल, जो सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग के लिए प्रसिद्ध हैं, अपने मतदाताओं के बीच बढ़ते जा रहे असन्तोष की और अधिक अवहेलना नहीं कर सकते थे। अपनी गिरफ्तारी के बाद भी, अपने पद पर बने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# संशोधित परिणाम से बाहर हुए कांस्टेबलों को सेवा में रखा जाए

जयपुर, 17 सितंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती-2020 के संशोधित परिणाम से बाहर हुई कांस्टेबलों को सेवा में बनाए रखने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने कांस्टेबल भर्ती 2020 परीक्षा के संशोधित परीक्षा परिणाम के कारण सेवा से बाहर किए गए कांस्टेबलों को बहाल करने के आदेश तो दिए पर इन्हें मैरिट में सबसे नीचे रखने का निर्देश भी दिये।**

तहत इन्हें मेरिट सूची में सबसे निचले स्तर पर रखने को कहा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश भीम सिंह व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# फर्जी अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष बनकर 2.25 करोड़ की राशि का गबन किया

## श्री सावित्री जन कल्याण ट्रस्ट कोटड़ी धाम खंडेला का मामला, कोटड़ी धाम ट्रस्ट के नाम लिया चंदा

- इस धोखाधड़ी मामले में में बैंक प्रबंधन पर भी शामिल होने के आरोप लगे हैं, पुलिस को रिपोर्ट दी
- पुलिस ने आरोपियों के अवैध चुनाव से पद पाने, अवैध चंदा वसूली व बैंक से नियम विरुद्ध राशि निकालने की पुष्टि होना बताया है

**सीकर,** (निसं)। श्री सावित्री जन कल्याण ट्रस्ट कोटड़ी धाम खंडेला के सदस्यों ने ट्रस्ट के फर्जी अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष बनकर ट्रस्ट के खाते से 2 करोड़ 25 लाख रूपए निकाल लिये। इस धोखाधड़ी में बैंक प्रबंधन पर भी शामिल होने के आरोप लगे हैं। मामला सीकर कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

पुलिस को दी रिपोर्ट में ट्रस्ट के पूर्व सदस्य तुलसीराम निवासी नोहर हनुमानगढ़ हाल निवासी रंगोली रेजिडेंसी शास्त्री नगर सीकर ने बताया कि वह श्री सावित्री जन कल्याण ट्रस्ट कोटड़ी धाम का पूर्व कार्यकारिणी सदस्य है। ट्रस्ट एक विधिवत पंजीकृत ट्रस्ट है, जो देवस्थान विभाग जयपुर से पंजीकृत है। रिपोर्ट में बताया इस ट्रस्ट के डीड के मुताबिक ट्रस्ट में 13 प्रन्यासी होते हैं, जिनमें से 9 का चुनाव 5 वर्ष बाद होता है तथा 9 चुने हुए प्रन्यासियों द्वारा चार अन्य प्रन्यासियों को मनोनीत किया जाता है। इस प्रकार प्रन्यास मंडल के कुल 13 सदस्य होते हैं। इन 13 प्रन्यासियों द्वारा इनमें से ही तीन प्रन्यासी अध्यक्ष मंत्री व कोषाध्यक्ष प्रत्येक 2 वर्ष से चुने जाते हैं। प्रन्यास मंडल का सम्मेलन साल मे एक बार होना आवश्यक है। इस परिस्थितियों में पदाधिकारियों का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाने का प्रावधान है। ट्रस्ट की चल अचल संपतियां, धनराशि का ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत उपयोग में नहीं लिए जाने का प्रावधान है। लेखे-जोखे की जानकारी पदाधिकारियों को ट्रस्ट के साधारण वार्षिक सम्मेलन में देनी होती है। रिपोर्ट में बताया ट्रस्ट के 2 सदस्यों ने ट्रस्ट व प्लेटफार्म के साथ धोखाधड़ी करते हुए खुद ही अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष बनकर विधि विरुद्ध चंदा वसूली की तथा ट्रस्ट के नाम पर लिए करोड़ों रूपए हड़प लिए। आरोपी रामकुमार सोनी निवासी सीकर अध्यक्ष व शम्भूदयाल रतनगढ़ चूरू कोषाध्यक्ष बना। दोनों ने खुद को ट्रस्ट के कागजों में अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष नियुक्त कर लिया। इसके बाद दोनों आरोपियों ने मिलकर ट्रस्ट के एक बैंक अकाउंट के अलावा दो अन्य बैंक अकाउंट खुलवा लिए। जिसके बाद ट्रस्ट के नाम से करोड़ों रूपए की राशि चंदे के रूप मे प्राप्त कर ली। फर्जी अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष ने ट्रस्ट के नाम पर 2 करोड़ 25 लाख रूपए निकाल लिए। इस गबन में बैंक प्रबंधन पर भी शामिल होने के आरोप हैं।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मामले की जांच की तो करोड़ों के गबन का मामला सामने आया। फिलहाल कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच कर रहे एएसआई सोहनलाल जाट ने भी आरोपियों के अवैध चुनाव से पद पाने अवैध चंदा वसूली व बैंक से नियम विरुद्ध राशि निकालने की पुष्टि होना बताया है।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**
E-mail id:- raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः– न.पा.रा. / 2024–25 / 6336 दिनांकः– 12.09.2024
**Notice Inviting Bid**
Bids for 01 work is invited from interested and eligible bidders up to 19-09-2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & eproc.rajasthan.gov.in)
NIB Code - DLB2425A2586
UBN Code – DLB2425WSOB08099
राज.संवाद / सी / 24 / 5266 अधिशाषी अधिकारी


**कार्यालय नगर पालिका अकलेरा जिला झालावाड़ (राज.)**
क्रमांकः–न.पा.अ. / 2024 / 1156 दिनांकः– 12.09.2024
**–:ई–निविदा सूचना:–**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका बोर्ड अकलेरा द्वारा वित्तिय वर्ष 2024–25 में कार्य करवाये जाने हेतु नगर पालिका द्वारा उपयुक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से ऑन लाईन निविदा सूचना क्रमांकः–न.पा.अ. / 2024 / 1141–1143 दिनांक 11.09.2024 सें 45.45 लाख रुपयें की आमंत्रित की जाती है। जिसकी अंन्तिम तिथि दिनांक 20.09.2024 रखी गई है। निविदा से सम्बंधित जनकारी एवं निविदा प्रपत्र www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। NIB Code:- DLB2425A2567, DLB2425A2568 And UBN No. DLB2425WSOB08025, DLB2425WSOB08027, DLB2425WSOB08035, DLB2425WSOB08038, DLB2425WSOB08043, DLB2425WSOB08048, DLB2425WSOB08052 पर देखी जा सकती है।
अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद / सी / 24 / 5259 नगर पालिका अकलेरा

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सुल्तानपुर**
क्रमांकः 784 दिनांक :- 10.09.2024
**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 08/2024-25**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन एवं सड़क निर्माण कार्यके लिये उपयुक्त श्रेणी में. सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा. जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 18.09.2024 को 06:00 बजे तक।

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB05497 | 2 | PWD2425WSOB05498 |
| 3 | PWD2425WSOB05499 | 4 | PWD2425WSOB05500 |
| 5 | PWD2425WSOB05501 | 6 | PWD2425WSOB05502 |
| 7 | PWD2425WSOB05503 | | |

(अंकित बिन्दल)
अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/8693/2024 सा.नि.वि. खण्ड सुल्तानपुर


# डॉ. पूनियां ने सुंदरलाल काका और जुबैर खान को श्रद्धांजलि दी



भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जुबैर खान को श्रद्धांजलि दी।

**जयपुर।** भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने हरियाणा से एक दिवसीय राजस्थान प्रवास पर पहुंचकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुंदरलाल काका के दु:खद निधन पर झुंझुनूं जिले के ग्राम कलवा (बुहाना) पहुंचकर सुंदरलाल काका को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

इसके बाद अलवर पहुंचकर सतीश पूनियां और राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने रामगढ़ से विधायक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जुबैर खान के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवारजनों को ढांढस बंधाया। इसके बाद शाम को हरियाणा के फरीदाबाद पहुंचकर सतीश पूनियां केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में आयोजित भाजपा हरियाणा कोर कमेटी व चुनाव प्रबंधन बैठक में शामिल हुये।

## मूर्ति विसर्जन करने गए तीन बालक पानी में डूबे, दो की मौत

**छोटीसादड़ी,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के बरवाड़ा गुर्जर गांव कुछ दूरी पर स्थित मंदिर के पास नाले में गणेशजी की मूर्ति विसर्जन करने गए तीन बालक डूब गए, जिसमें से दो की मौत हो गई और एकी की हालत गंभीर होने से उसे अग्रिम उपचार के लिए रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही चिकित्सालय के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सीआई सही पुलिस की टीम भी चिकित्सालय पहुंच कर जानकारी लेते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया।

जानकारी के अनुसार घर में स्थापित गणपति जी की मूर्ति को गांव से कुछ दूरी पर स्थित शिव मंदिर के पीछे स्थित नाले में विसर्जन को गए तीन बालक नाले में डूब गए, साथ में मौजूद बालिका ने जब बालकों को डूबते हुए देखा तो चिल्लाई जिसके चलते पास ही रेल लाइन का काम कर रहे मजदूरों ने दौड़ कर डूबे हुए तीनों बालकों को निकाल कर 108 की सहायता से छोटीसादड़ी चिकित्सालय पहुचाया। जहां चिकित्सकों ने निरीक्षण कर हिमांशु (10) पुत्र राधेश्याम यादव, शुभम (15) पुत्र कन्हैया लाल यादव निवासी बरवाड़ा गुर्जर को मृत घोषित किया। वहीं क्रीतेश (13) पुत्र राधेश्याम यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए, अग्रिम उपचार के लिए रेफर किया गया। जैसे ही लोगो को घटना की जानकारी मिली तो जनप्रतिनिधियों सहित लोगो की भीड़ चिकित्सालय के बाहर जमा हो गई। वही पुलिस भी चिकित्सालय पहुंच कर घटना की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया।

विसर्जन को गए एक ही परिवार के बालक बालिकाओं में से दो सगे भाइयों के पुत्रों के डूब जाने की घटना ने सभी को शोक में डुबो दिया।कन्हैया लाल व राधेश्याम यादव दोनों सगे भाई थे। जिसमें से तीन वर्ष पूर्व ही राधेश्याम यादव की मौत हो चुकी है। विधवा मां पति का सहारा छिन जाने के बाद अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही थी।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड बीकानेर**
क्रमांक : 1891 दिनांक : 04.09.2024
**ई-निविदा सूचना संख्या : 08/2024-25**
**UBN No. is : PWD2425WSOB05612**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, सी व डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। बोली से संबंधित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।

| | |
|---|---|
| बोलीयों की कुल लागत | रु. 242.73 लाख |
| ऑन लाईन बोली फार्म भरने/अपलोड करने की अवधि | 04.09.2024, 9.30 से 18.09.2024, 18.00 बजे तक |
| ऑन लाईन बोली खोलने की तारीख | 19.09.2024 को 11.00 बजे। |

राज्यपाल की आज्ञा से
( राजीव गुप्ता )
DIPR/C/8723 अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. नगर खंड बीकानेर

**कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, सामान्य चिकित्सालय सवाई माधोपुर**
क्रमांक : लेखा/निविदा/2024/3910 दिनांक : 11.09.2024
**ई-निविदा सूचना संख्या 34/2024-25**
राजकीय सामान्य चिकित्सालय सवाई माधोपुर में विभिन्न सामग्री/सेवाओं की आपूर्ति/संचालन हेतु पंजीकृत फर्मो/गैर सरकारी कम्पनी/पंजीकृत ठेकेदार/पंजीकृत वाणिज्यक संस्थायें आदि से (द्विपक्रमी) ई-निविदा दिनांक 23.09.2024 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय के नोटिस बोर्ड, राजकीय पोर्टल http://sppp.raj.nic.in अथवा www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

| क्रसं. | विवरण | UBN No. |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य चिकित्सालय सवाई माधोपुर में वाहन पार्किंग ठेका संचालन हेतु | MHS2425SLOB02928 |
| 2. | लैबोरेट्री रियजेन्ट्स किट्स एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु | MHS2425GLRC02929 |
| 3. | भेषज एवं औषधी (जेनरिक) की आपूर्ति हेतु | MHS2425GLRC02930 |
| 4. | सर्जिकल एवं कन्ज्यूमेंबल आईटम की आपूर्ति | MHS2425GLRC02931 |

( डॉ. अश्विनी कुमार )
प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
DIPR/C/8676/2024 सामान्य चिकित्सालय सवाई माधोपुर


## हादसे में ननद-भाभी की मौत

**बीकानेर,** (निसं)। पैदल जा रही ननद-भाभी सहित तीन महिलाओं को कार ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिलाओं की बॉडी के टुकड़े सड़क पर बिखर गए। पैर सहित शरीर के तमाम अंग कटकर दूर जा गिरे। ननद-भाभी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल है। एक ही परिवार की 3 महिलाएं मंगलवार सुबह करीब 4 बजे श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) में स्थित तौलियासर भैरुंजी मंदिर जा रही थी। मंदिर से करीब 2 किमी पहले ये हादसा हो गया। श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी इंद्र कुमार ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी तौलियासर भैरुंजी मंदिर में मेला चल रहा है। हजारों की संख्या में लोग दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। मंगलवार तड़के आडसर बास की रहने वाली राखी (34) पत्नी आनंद और खुशी (20) पुत्री नथमल तावणिया भी दर्शन करने निकली थी। मंदिर मार्ग पर ही कार ने 3 महिलाओं को चपेट में ले लिया। इसमें राखी और खुशी की मौत हो गई है। माया (25) पत्नी घनश्याम सारस्वत निवासी आडसर बास, बीकानेर गंभीर रूप से घायल हो गई है।

# आरटीओ अफसर और उड़नदस्ते पर हमले के आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी से वारदात में प्रयुक्त बोलेरो कैंपर को भी जब्त किया, पूछताछ में जुटी पुलिस
- आरोपी के भाई के ट्रक का प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जोधपुर की उड़नदस्ता टीम द्वारा चालान किया गया था
- अभियुक्त पुखराज ने आरटीओ टीम को सबक सिखाने के उद्देश्य से हमला किया था

**जोधपुर,** (कासं)। शहर की सूरसागर पुलिस ने 13 सितम्बर को आरटीओ अफसर और उड़नदस्ते पर हमला करने एवं राजकार्य में बाधा डालने के मुख्य आरोपी को आज गिरफ्तार कर लिया। उससे वारदात में प्रयुक्त बोलेरो कैंपर को भी जब्त किया गया है। पुलिस अभियुक्त से पूछताछ में जुटी है।

थानाधिकारी मांगीलाल विश्नोई ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता से लेते हुए थाना स्तर पर एक विशेष टीम गठित की गई। 13 सितम्बर को श्रीकांत कुमावत हाल परिवहन निरीक्षक प्रादेशिक कार्यालय जोधपुर ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि वे प्रादेशिक परिवहन कार्यालय में जोधपुर में 28 फरवरी से कार्यरत है। उन्हें प्रादेशिक परिवहन कार्यालय द्वारा डीएफएस-06 में तैनात किया गया है। उनकी फ्लाइंग में ड्राईवर महेन्द्रसिंह राठौड़ पुत्र मानसिंह राठौड़ निवासी औस्तरा भोपालगढ़ हाल चैनसिंह मार्ग गांधीपुरा बीजेएस कॉलोनी है। गार्ड मानाराम विश्नोई पुत्र गोपाराम सुरपुरा हैं। 12 सितम्बर रात्रि करीब एक बजे बालरवा में चल रही थी।

वहां पर काफी चालान बनाए गए। नारवा में सामने से एक बोलेरो कैम्पर आई। उसने सामने से बोलेरो कैम्पर से फ्लाइंग टीम को टक्कर मारने की कोशिश की। जिस पर ड्राइवर ने हमारी गाड़ी को वहां से बचाकर दौड़ा दिया, नारवा पुलिया से तकरीबन 1 किमी कालीबेरी की तरफ भागते हुए महादेव सेन्ड स्टोन जो कि मैन रोड़ पर हैं वहां हमने बचाव के लिये गाड़ी रोकी। पीछे से बोलेरो कैम्पर आई जिसमे बैठा आदमी ने कैम्पर को फ्लाइंग गाड़ी के पीछे लगाकर नीचे उतरकर आया औऱ उसने आते ही ड्राइवर साइड के कांच के ऊपर लाठी से हमला किया और कांच फोड़ दिया। जिससे कांच के टुकड़े उछलकर आरटीओ अफसर की आंख मे घुस गया। गार्ड मानाराम विश्नोई के आंख व चेहरे पर कांच के टुकड़े लगे। गाड़ी पर हमला करने वाला पुखऱाज पुत्र चोलाराम जाट निवासी जाखड़ों की ढाणी नारवा व उसके साथ पिन्टाराम भी था। इन लोगों ने हमारे द्वारा गाड़ी का चालान बनाने से नाराज होकर हमला किया।

थानाधिकारी मांगीलाल ने बताया कि मुख्य अभियुक्त पुखराज पुत्र चोलाराम जाट निवासी जाखड़ों की ढाणी नारवा सूरसागर जोधपुर की पहचान कर अभियुक्त को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि अभियुक्त पुखराज से पूछताछ में पता लगा कि आरोपी के भाई के ट्रक का प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जोधपुर की उड़नदस्ते टीम द्वारा चालान किया गया था। अभियुक्त पुखराज ने आरटीओ टीम को सबक सिखाने के उद्देश्य से यह हमला किया। पुलिस की टीम में एएसआई सुरताराम, कांस्टेबल मनीष, धर्माराम, बनवारीलाल एवं डूंगरराम शामिल रहे।

## युवक की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के ओडा बड़ा गांव के पास एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दूसरा युवक गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। बिछीवाड़ा थाने के एएसआई ने बताया कि गढ़ा मालजी निवासी सुनील कटारा ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि वह और बकुल कटारा बाइक पर अपने गांव से अहमदाबाद जा रहे थे। इस दौरान डूंगरपुर-बिछीवाड़ा मार्ग पर ओडा बड़ा गांव के पास एक डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बकुल के हाथ, पैर और सिर पर गंभीर चोटें आई, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में सुनील गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है।


**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/111 - 113 Date : 12/09/2024
**ई-निविदा सूचना संख्या : 31/2024-25**
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 400.00 लाख (01 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि | : | 12.09.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 07.10.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 12.09.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 07.10.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 08.10.2024 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : ITU2425WSOB00259
अधिशाषी अभियन्ता - चतुर्थ
राज.संवाद/सी/24/5276 उदयपुर विकास प्राधिकरण


# कालिया बाबा काला पहाड़ को खनन से बचाने के लिये किया जा रहा अनशन समाप्त

- कालिया बाबा काला पहाड़ को खनन से बचाने और इसे धार्मिक क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर लगभग एक दर्जन संत और भक्त नौ दिन से सत्याग्रह कर रहे थे
- एसडीएम और तहसीलदार ने अनशनकारियों से बातचीत की, एसडीएम ने बाकी रही 4 लीजों को तुरन्त निरस्त करने और बाकी 9 लीजों के लिये कार्यवाही की बात कही



कालिया बाबा काला पहाड़ को खनन से बचाने और इसे धार्मिक क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर चल रहे आन्दोलन में कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।

**भुसावर/भरतपुर,** (निसं)। छोटे गोवर्धन पर्वत के नाम से विख्यात और पर्यावरण सहित धार्मिक महत्व के पर्वत कालिया बाबा काला पहाड़ जो कि राज्य के तीन जिले भरतपुर, अलवर और दौसा की सीमा पर स्थित है, इसको खनन से बचाने और इसे धार्मिक क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर लगातार आन्दोलन चल रहा था और लगभग एक दर्जन संत और भक्त पिछले नौ दिन से सत्याग्रह कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार मौके पर पहुंचे उपखंड अधिकारी और तहसीलदार ने अनशनकारियों से बातचीत की। उपखंड अधिकारी ने बाकी रही 4 लीजों को तुरन्त निरस्त करने की बात कही और बाकी 9 लीजों के लिये कार्यवाही की बात कही। मौके पर ही पथैना सरपंच बृजेश सिंह ने विधायक बहादुर सिंह कोली से दूरभाष पर बातचीत की, जिस पर विधायक ने सरकार से बातचीत करके सभी लीजों को निरस्त कराने का भरोसा दिलाया, तब जाकर अनशनकारियों ने अनशन समाप्त किया।

लोगों ने कहा कि सभी लीजों को समाप्त कराने के लिये आन्दोलन जारी रहेगा। इस पर्वत की गुफाओं में अनेकानेक संत-महात्मा तपस्या करते हैं और संत भक्तों द्वारा अनवरत परिक्रमा चलती रहती है। यह आन्दोलन सुआकी जसवर गांवों से आगे जंगलों में हसनका स्थित चन्द्रमादास आश्रम मन्दिर पर हो रहा है जिसमें दर्जनों गांवों के लोग हिस्सा ले रहे थे। प्रकृति और पर्यावरण की अनूठी झलक यहां देखने को मिलती है। ऊँची पर्वत श्रंखलाओं और हरे-भरे जंगल से आच्छादित दुर्गम रास्तों से चलकर कई दर्जनों गांवों से चलकर संत और भारी संख्या में भक्त आन्दोलन स्थल पर पहुंचे। आन्दोलन में पुनः दूसरे दिन भरतपुर के वरिष्ठ जननेता पूर्व सांसद पंडित रामकिशन और किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इंदल सिंह जाट पहुंचे। दुर्गम रास्तों की वजह से पूर्व सांसद शताब्दी पुरुष पंडित रामकिशन एक किलोमीटर मोटरसाइकिल पर सवार होकर आन्दोलन स्थल पर पहुंचे। आन्दोलन में खास बात यह रही कि ऐतिहासिक गांव और तहसील भुसावर के सबसे बड़े गांव पथैना की सरसादी ने आन्दोलन स्थल पर जाकर अपना पूर्व समर्थन व्यक्त किया। किसान नेता इंदल सिंह जाट ने कहा कि आन्दोलन और अनशन कई दिनों से चल रहा था। किसान नेता इंदल सिंह ने कहा कि काले पहाड़ के धार्मिक महत्व को तो स्वयं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी जानते हैं। सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिये। उन्होंने कहा कि खनन कार्य की वजह से दर्जनों ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। सभा में किसान नेता इन्दल सिंह जाट, डीग से आये जिला परिषद सदस्य मोहन सिंह गुर्जर और जिला पार्षद किशन सिंह पम्प, संजय शर्मा, पथैना सरपंच बृजेश सिंह, संजीव चौहान, बबलू राजपूत, पूरन सिंह, बिजेन्द्र सरपंच बबेखर, मदन सिंह आदि ने विचार रखे।


**कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.**
Tel.- (01434) 232013 E-mail : npdeoli@gmail.com
क्रमांक :: न.पा.दे./भूमि/2024–25/6524 दिनांक :: 12.09.2024
**भव्य ई–निलामी सार्वजनिक सूचना**
एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका देवली द्वारा वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना ब्लॉक "एल" के आवासीय भूखण्ड नीचे दर्शित भूखण्ड संख्या व साईज अनुसार 99 वर्षीय लीज होल्ड आधार पर दिनांक 20.09.2024 से 30.09.2024 को प्रातः 11.30 बजे तक ई–नीलामी के माध्यम से विक्रय किये जावेंगे। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित भागीदारी शुल्क एवं अमानता राशि ऑनलाईन (प्रति भूखण्ड) https://sso.rajasthan/gov.in/signin पर जाकर स्वयं की SSO ID से ऑनलाईन जमा कराकर नीलामी में भाग ले सकते है। नकद राशि स्वीकार्य नही होगी।

| क्र. सं. | योजना का नाम/ स्थान | भूखण्ड संख्या | साईज | कुल क्षेत्रफल वर्गफीट | किस्म/ प्रकार | अमानता राशि (प्रति भूखण्ड) ऑनलाईन | न्यूनतम बोली राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड कॉर्नर | 01 | 24.6+25.6/2x49 | 649.25 | आवासीय | 50000 | 181790 |
| 2 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड | 02 | 20x49 | 980.00 | आवासीय | 50000 | 248920 |
| 3 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड | 03 | 20x49 | 980.00 | आवासीय | 50000 | 248920 |
| 4 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड | 04 | 20x49 | 980.00 | आवासीय | 50000 | 248920 |
| 5 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड | 05 | 20x49 | 980.00 | आवासीय | 50000 | 248920 |
| 6 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड | 06 | 20x49 | 980.00 | आवासीय | 50000 | 248920 |
| 7 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड | 07 | 40x20 | 800.00 | आवासीय | 50000 | 203200 |
| 8 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड | 08 | 25x60 | 1500.00 | आवासीय | 50000 | 381000 |
| 9 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड | 09 | 25x60 | 1500.00 | आवासीय | 50000 | 381000 |
| 10 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड कॉर्नर | 10 | 28x60 | 1680.00 | आवासीय | 50000 | 470400 |
| 11 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड | 11 | 20x49 | 980.00 | आवासीय | 50000 | 248920 |
| 12 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड | 12 | 20x49 | 980.00 | आवासीय | 50000 | 248920 |
| 13 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड | 13 | 20x49 | 980.00 | आवासीय | 50000 | 248920 |
| 14 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड | 14 | 20x49 | 980.00 | आवासीय | 50000 | 248920 |
| 15 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड | 15 | 20x49 | 980.00 | आवासीय | 50000 | 248920 |
| 16 | वार्ड सं. 22 नेवरबाग सुभाषनगर योजना एल ब्लॉक आवासीय भूखण्ड कॉर्नर | 16 | 23.6+24.6/2x49 | 623.75 | आवासीय | 50000 | 174650 |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नीलामी भागीदारी शुल्क (प्रति भूखण्ड) | 1000.00 |
| 2. | ऑनलाईन भागीदारी शुल्क एवं अमानता राशि जमा कराने की दिनांक | दिनांक 20.09.2024 को प्रातः 6.00 बजे से दिनांक 27.09.2024 को प्रातः 11.00 बजे तक। |
| 3. | ई–नीलामी बोली प्रारम्भ करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 20.09.2024 को प्रातः 06.00 बजे से |
| 4. | ई–नीलामी बोली समाप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 30.09.2024 को प्रातः 11.30 बजे तक। |

**निलामी शर्ते :–**
1. भूखण्ड जहाँ है, जैसा है, के आधार पर नीलाम किये जायेंगे।
2. भूखण्ड का क्षेत्रफल मौका स्थिति अनुसार घट–बढ सकता है।
3. इच्छुक बोलीदाता की अपनी स्वयं की SSO ID होना अनिवार्य है। नीलामी बोलीदाता नीलामी भागीदारी शुल्क एवं अमानता राशि अपनी SSO ID से Login कर G2C एप में LSG E-AUCTION लिंक पर अपनी प्रोफाईल बनाकर कर जमा करवाकर ही नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी से संबंधित समस्त विवरण वैबसाईट पर देखा जा सकता है।
4. ई–ऑक्शन में अधिकतम दर ही स्वीकार की जावेगी। उपरोक्त वर्णित भूखण्डों की नीलामी बोली 10000/– रू. के गुणांक में बढाकर लगाये जाने पर ही स्वीकार होगी।
5. यह भूमि विक्रय राजस्थान नगरपालिका भूमि निष्पादन नियम 1974 के नियम एवं संशोधित नियम 2019 व उसके जारी परिपत्रों के अन्तर्गत की जा रही है।
6. उच्चतम बोली लगाने वाले (सफल बोलीदाता) को निलामी स्वीकृत होने के पश्चात मांग पत्र जारी होने की दिनांक से तीन दिवसों के भीतर अपनी बोली की 15 प्रतिशत राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर उक्त राशि जमा कराने में विफलता के कारण बोलीदाता द्वारा जमा करवायी गई अमानता राशि जब्त किया जावेगा और भूमि की निलामी स्वचालित रूप से रद्द मानी जावेगी।
7. बकाया 35 प्रतिशत राशि निलामी दिनांक से 120 दिनों के भीतर जमा करवाना अनिवार्य होगा। विफल क्रेता है, तो अवधि की समाप्ति के बाद बोली लगाने वाले 60 दिनों में या विस्तारित समय अवधि के भीतर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित देय राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा।
8. सफल बोलीदाता 180 दिन में शेष 50 प्रतिशत राशि जमा करवायेगा, विफल रहने पर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। यदि बोलीदाता डिमाण्ड नोटिस की तारीख से 15 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि जमा करवाता है, तो दो प्रतिशत की बोली राशि में छूट मिलेगी। भूखण्डों की सम्पूर्ण निलामी राशि चैक/डी.डी. द्वारा जमा कराना अनिवार्य होगा।
9. भूखण्ड 99 वर्षीय लीज होल्ड पर अरबन सेटलमेंट ग्राउण्ड रेन्ट के आधार पर विक्रय किया जावेगा। जिसकी लीज राशि आरक्षित दर पर आवासीय 2.50 प्रतिशत नियमानुसार क्रेता को जमा करानी होगी।
10. लीज डीड शाश्वत पत्र का विधिवत पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। जिसके स्टाम्प, नक्शा एवं रजिस्ट्री पर होने वाला व्यय स्वयं क्रेता को वहन करना होगा।
11. बोली को स्वीकार/ अस्वीकार करने का अधिकार नगरपालिका देवली के पास सुरक्षित रहेगा। जिसका कारण बताना आवश्यक नही होगा।
12. बोली लगाने के दौरान किसी भी भूखण्ड में यदि कोई वाद–विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है, तो उस भूखण्ड की बोली स्थगित/निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष नगरपालिका देवली एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका देवली में निहित होगा।
13. उच्चतम बोली स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष नगरपालिका देवली में निहित होगा।
14. नीलामी में असफल रहने वाले बोलीदाताओं की अमानत राशि 15 दिवस में स्वतः ही नगरपालिका द्वारा उनके खाते में स्थानान्तरित की जावेगी। असफल बोलीदाताओं को पृथक से कोई आवेदन करने की आवश्यकता नही होगी।
15. तीन वर्ष की अवधि के अन्दर नियमों के अन्तर्गत नक्शा स्वीकृत करवाकर क्रेता को भवन निर्माण कराना होगा। यदि तीन वर्ष की अवधि में भवन निर्माण नही कराया गया, तो जमा कराई गई राशि को बगैर लोटाये पालिका द्वारा राशि जब्त कर भूखण्ड को निरस्त कर अपने कब्जे में ले लिया जावेगा तथा पुनः निलाम कर दिया जावेगा।
16. भूमि का मानचित्र एवं शर्ते प्रतिबंधों व समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।
17. उपरोक्त भूखण्डों का क्षेत्रफल मौके पर कम या ज्यादा होगा तो उसके आधार पर राशि जमा करानी होगी।
18. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या, नीलामी शर्तो एवं ई–नीलामी सम्बन्धी जानकारी मोबाईल नं. 9982651173 एवं 9252170588 पर सम्पर्क कर की जा सकती है।

राज.संवाद/सी/23/5245 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

सार-समाचार

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव संवाद

**कोटा,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम में एक क्लिक से पूरे प्रदेश के 8 हजार 32 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। कोटा जिले के 235 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति मिली। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। प्रतीकात्मक रूप में 9 नवनियुक्त कार्मिकों को कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। ऑडिटोरियम में वन रक्षक तेजपाल गुर्जर, हरिराम तंवर, कपिन्द्र मीणा, महावीर तेतरवाल, झांसीराम यादव, सुनील कुमार, विनोद कुमार, सत्यपाल एवं विद्याधर सिंह को प्रतीकात्मक नियुक्ति पत्र दिये गये। कोटा जिले में जिन युवाओं को नियुक्ति मिली है उनमें 127 एएनएम, 18 शिक्षक लेवल प्रथम एवं वरिष्ठ शिक्षक, 75 वन रक्षक, 4 कांस्टेबल, 4 कनिष्ठ विधि अधिकारी, 2 पशु चिकित्सक एवं 1 सहायक अभियंता शामिल हैं। 4 युवाओं को अनुकम्पात्मक नवनियुक्ति मिली। इनमें 2 मेडिकल कॉलेज, 01 जिला उद्योग केन्द्र, 01 को आयुष चिकित्सालय में अनुकंपा नियुक्ति दी गई। सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में राकेश जैन, संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया, जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, सीएमएचओ डॉ. जगदीश सोनी, उप निदेशक रोजगार मनोज कुमार पाठक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं नवनियुक्त कार्मिक उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ



**छबड़ा** (निसं)। भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्घाटन मंगलवार को क़स्बे के बस स्टैंड परिसर में श्रमदान के साथ हुआ। इस दौरान स्वच्छता की शपथ कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। अधिशासी अधिकारी संदीप गहलोत के अनुसार भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अर्न्तगत 17 सितम्बर से दिनांक 1 अक्टूबर तक "स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। जिसका मंगलवार को प्रातः 8 बजे बस स्टेण्ड परिसर में उद्घाटन एवं श्रमदान व स्वच्छता की शपथ क्रार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी इस वर्ष थीम "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता है। जिसमे रामसिंह गुर्जर उपखण्ड अधिकारी, हिम्मत सिंह सिधवी ब्राण्ड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन, कैलाशचन्द जैन अध्यक्ष नगर पालिका, अभिषेक पारीक तहसीलदार, बीडीओ अजीत कुमार, नायब तहसीलदार, डॉ महेश भूटानी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी छबडा, अशोक भार्गव, पार्षद विपिन शर्मा, राज मोहम्मद तथा गोविन्द तिवारी, चौथमल यादव आदि मौजूद थे।

## खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अंता** (निसं)। अंता विधायक कंवरलाल मीणा ने कृषि उपज मंडी में आयोजित 68वी राज्य स्तरिय उच्च प्राथमिक विद्यालय छात्र छात्रा नेटबॉल खेल कूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में बारां अटरू पूर्व विधायक रामपाल मेघवाल रहे। इस नेटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान के 45 जिलों की 85 टीमो ने भाग लिया। इसी के साथ छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए साथ ही अतिथियों का शील्ड व साफ बंधी कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर 45 जिलों की 85 टीमो के साथ कोच के रूप में शारीरिक अध्यपाक मौजूद रहे। इस दौरान विधायक कंवरलाल मीणा ने कहा कि खेल कूद शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत जरूरी है, साथ ही यह हमारी शिक्षा का महत्वपूर्ण कारक है ओर बालको में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ को बेहतर बनाने में खेल कूद अहम भूमिका निभाते है। ओर खेलो से विद्यार्थियों के चरित्र का निर्माण होता है जीवन संग्राम में वही विजय होता है जो धैर्य पूर्वक सतत प्रत्यनशील रहता है। इस दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मनसा मीणा, डीवाईएसपी श्योजीलाल मीणा, भाजपा नगर महामंत्री मोहित कालरा, जितेंद्र मीणा, क्षेमेन्द्र मिश्रा सहित अध्यापक गण मौजूद रहे।

## स्वच्छता की शपथ ली

**कोटा,** (निसं)। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता को सबकी जिम्मेदारी बताने के उद्देश्य से 17 सितम्बर को अपर मंडल रेल प्रबंधक आर आर के सिंह ने मंडल कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता पखवाड़े के तहत मंडल में प्रतिदिन स्वच्छता की अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस स्वच्छता शपथ में रेलवे कर्मियों ने हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त कोटा स्टेशन सहित सभी प्रमुख स्टेशनों एवं डिपो में कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों, पटरियों, कॉलोनियों, कार्यालय परिसरों, स्वच्छ भोजन और पानी, स्वच्छ जल निकायों, परिसर और शौचालयों की साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने के साथ-साथ जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इसके अतिरिक्त स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए स्वच्छता जागरूकता अभियान सम्बन्धी बैनर/पोस्टर मण्डल के प्रमुख स्टेशनों पर जगह-जगह लगाये जा रहे है, साथ ही स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली द्वारा यात्रियों को भी स्वच्छता जागरूकता संबंधी संदेशों का प्रसारण कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित

**बूंदी** (निसं)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बून्दी जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में 4145 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हुए। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने लाभार्थियों में से प्रतीकात्मक रूप से 30 परिवारों को जिला स्तर पर गृह प्रवेश कार्यक्रम के रूप में श्रीफल, मिठाई, माला, प्रतीकात्मक चांबी एवं शॉल ओढाकर सम्मानित किया। वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 3962 आवासों में से 30 लाभार्थीयो को प्रतीकात्मक रूप से जिला स्तर पर स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक क्लिक के माध्यम से लाभार्थीयो की प्रथम किश्त उनके खाते में हस्तांतरित कि गई। इस कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, प्रधान पंचायत समिति बून्दी प्रेम बाई मीना, अधिशाषी अभियन्ता(अभि0) प्रियव्रत सिंह, जिला परिषद सदस्य श्री शक्ति सिंह आशावत, पुरूषोत्तम शर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत बम्बोरी कुलदीप सिंह गौड, विकास अधिकारी पंचायत समिति बून्दी सुरेश चन्द वर्मा, उपस्थित रहे।

## गौशाला में चारा और गुड़ उपलब्ध कराया

**कोटा,** (निसं)। पोरवाल वरिष्ठ युवा फोरम की ओर से कायन हाउस गौशाला किशोरपुरा में गायों को आधी मेटाडोर हरा चारा और गुड़ की व्यवस्था की गई है। पोरवाल वरिष्ठ युवा फोरम के अध्यक्ष राजेंद्र पोरवाल व सचिव सतीश गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत कोटा शहर में पोरवाल समाज के रहने वाले सीनियर सिटीजन अपनी पेंशन और आय से कुछ राशि निकाल कर गायों की व मूक प्राणियों की निरंतर सेवा करते हैं। एक माह में वह एक जगह को चिन्हित कर बड़ी मात्रा में प्राणियों के लिए सेवा कार्य करते हैं। इस अवसर पर वहां गायों की पूजा अर्चना कर गीत संगीत के माध्यम से भी गायों को बोध कराने का कार्य किया गया। बीमार गायों की भी सेवा की गई। पोरवाल वरिष्ठ युवा फॉर्म के अध्यक्ष राजेंद्र पोरवाल ने बताया कि जीवदया के इस कार्यक्रम में पोरवाल समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। यह वह लोग हैं जो अपनी पेंशन से कुछ पैसा राशि एकत्रित कर निरंतर सेवा कार्य कर रहे हैं।

## विश्वकर्मा जयंती मनाई

**कोटा,** (निसं)। बिहार समाज विकास समिति की ओर से महावीर नगर तृतीय स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। सुबह से ही हवन, यज्ञ एवं पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। प्रसाद वितरण किया गया। समाज के संरक्षक संजय यादव ने बताया कि शाम को सामूहिक महाआरती की गई। इसमें मुख्य अतिथि शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी थे। त्यागी ने कहा कि मान्यता है कि इस धरती पर प्रथम शिल्प एवं वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा ही थे, जिनके आशीर्वाद से हुनर की बदौलत करोड़ों लोगों का रोजगार चल रहा है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को झुंझुनूं में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में कोटा के सियाम ऑडिटोरियम से स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्षद, संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर सहित विभिन्न अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

सियाम ऑडिटोरियम में संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, नगर निगम उत्तर के आयुक्त राजपाल सिंह एवं दक्षिण के आयुक्त अनुराग भार्गव, प्रशासन के अधिकारी-कार्मिक,

■ संभागीय आयुक्त ने स्वच्छता की शपथ दिलाई



कोटा में संभागीय आयुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

जनप्रतिनिधियों, सफाई मित्रों एवं आमजन ने स्वच्छता की शपथ ली।

संभागीय आयुक्त राजोरिया ने ऑडिटोरियम के मुख्य द्वार के सामने पौधारोपण भी किया। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। दो अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा। स्वच्छता पखवाड़े के तहत जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाकर अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# देशवाली समाज की ओर से अखाड़े के उस्तादों का सम्मान किया गया

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर के महापर्व अनंत चतुर्दशी का जुलूस कोटा में जगह-जगह भव्यता के साथ निकाला गया। इसके एक दिन पूर्व ईद मिलादुन्नबी का जलसा निकाला गया था जिसमें हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश दिया गया।

अनंत चतुर्दशी के मौके पर बोरखेड़ा में प्रदेश अध्यक्ष हनीफ खान देशवाली की पूरी टीम ने सभी हिंदू भाई और अखाड़े के उस्तादों का साफा दुपट्टा पहनाकर और पुष्प वर्षा कर सभी का सम्मान किया साथ में डिप्टी योगेश शर्मा का भी साफा माला दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर हिंदू मुस्लिम एकता का पैगाम दिया गया, जो आजादी के पूर्व से चला आ रहा है, यह कोटा की खूबसूरती है। ईद मिलादुन्नबी के जलसे को भी हिंदू मुस्लिम भाई मिलकर बड़े जोर शोर से मनाते आए हैं। यह हमारी मोहब्बत है और हमे एक सूत्र में बांधे रखती है।



अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा में देशवाली समाज की और से अखाड़े के उस्तादों का स्वागत किया गया।

देशवाली महासभा शिक्षा विकास संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हनीफ खान देशवाली ने कहा कि कौमी एकता का संदेश देने के साथ ही गणपति से प्रार्थना की गई की देश में अमन शांति बनी रहे और सभी मिल जुलकर रहे। देश निरंतर प्रगति के पथ पर बढता रहे जिसमें सभी कौमों की भागीदारी हो। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष साहिल हुसैन, रईस अहमद देशवाली, नफीस अहमद, जीशान खान, नईम भाटी सभी ने मिलकर काजू बादाम दाख पिस्त से नाश्ता करवाया और सभी का सम्मान किया।

# हिन्दी सप्ताह के तहत व्याख्यान का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय कोटा में हिन्दी सप्ताह के अंतर्गत व्याख्यान एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी का महत्व एवं चुनौतियां विषय पर भाषण प्रतियोगिताए मातृभाषा हिन्दी पर कविता लेखन प्रतियोगिताए हिन्दी व्याख्याकरण पर वर्तनी लेखन प्रतियोगिता तथा हिन्दी अंग्रेजी के पारिभाषिक शब्दों पर पारिभाषिक शब्दावली ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

■ 'बोलियां भाषा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं'

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य प्रो० प्रतिमा श्रीवास्तव ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के लिए हिन्दी को सक्षम और समृद्ध बनाना होगा। आज का युग तकनीकी का युग है जो भाषा तकनीकी दृष्टि से समृद्ध और प्रतिस्पर्दी होगी वह उतनी की उन्नति करेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी भाषा अपनी क्षेत्रिए बोलियों की उपेक्षा नहीं कर सकती। बोलियां भाषा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सभी भाषाओं का ज्ञान और सम्मान आवश्यक है।

हम किसी भाषा का विरोध नहीं कर सकते लेकिन राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की दृष्टि से राष्ट्र भाषा का प्रश्न महत्वपूर्ण है। वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष अंजू कपूर ने कहा कि एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहकए संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है जिसे दुनिया भर में समझनेए बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बडी संख्या में मौजूद हैं। आजादी की लडााई से लेकर हिन्दी ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। भारत सरकार द्वारा विकास योजनाओं तथा नागरिक सेवाएं प्रदान करने में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हिंदी तथा प्रांतीय भाषाओं के माध्यम से हम बेहतर जन सुविधाएं लोगों तक पहुंचा सकते हैं।

भाषण प्रतियोगिता में जाहिद प्रथमए देवांश दोराश्री द्वितीय तथा आसिफ मंसूरी तृतीय स्थान पर रहे। वर्तनी लेखन प्रतियोगिता में देवांश दोराश्री प्रथम रोहित राठौर द्वितीय तथा आसिफ मंसूरी तृतीय स्थान पर रहे। कविता लेखन प्रतियोगिता में नेत्रपाल सिंह मीणा प्रथम जाहिद द्वितीय तथा देवांश दोराश्री तृतीय स्थान पर रहे। पारिभाषिक शब्दावली ज्ञान प्रतियोगिता में आसिफ मंसूरी प्रथम जाहिद द्वितीय तथा कार्तिक शर्मा तृतीय स्थान पर रहे।

## स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य काउन्सिल समिति की बैठक

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य के तत्वावधान में 17 सितम्बर को महाप्रबंधक कार्यालय, जबलपुर में राज्य काउन्सिल समिति की बैठक अपर महाप्रबंधक एवं पमरे भारत स्काउट एंव गाइड अध्यक्ष आर.एस सक्सेना की अध्यक्षता में संप्रन्न हुयी। बैठक में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों द्वारा वर्ष 2023-24 में आयोजित स्काउट-गाइड गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक सेंसस रिपोर्ट एवं ऑडिट रिपोर्ट का पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन किया गया। इसके साथ ही कोटा मंडल में आगामी अक्टूबर माह में आयोजित होने वाली 7वीं राज्य रैली के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

अध्यक्ष एवं अपर महाप्रबंधक ने संबंधित पदाधिकारियों को रैली के सफल आयोजन हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। रैली से संबंधित कार्यो की क्रियान्वयन के लिए संबंधित शाखा धिकारियों को निर्देशित किया।

# सेवा संकल्प पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा प्रधानमंत्री का जन्म दिवस

**कोटा,** (निसं)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का जन्म दिवस सेवा संकल्प पखवाड़े के रूप में मंगलवार को मनाया गया। आगामी समय में भी सप्ताहभर सेवा के कार्य किए जाएंगे। इस संदर्भ में वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज मेहता के नेतृत्व में झालावाड़ रोड हवाई अड्डे के सामने स्थित करनी नगर विकास समिति के श्रद्धा वृद्धाश्रम में फल वितरण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

टीम पंकज मेहता के संयोजक ललित चित्तौडा ने बताया कि सेवा संकल्प पखवाड़े के रूप में मनाए जाने वाले प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए कई सेवा कार्य किए गए और प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की गई। आगामी समय में भी कई और सेवा कार्य किए जाएंगे। ललित चित्तौड़ा ने बताया कि बुधवार को सुबह 11 बजे श्री कृष्ण मुरारी गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया जाएगा। पंकज मेहता ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के हाथों में देश निंरतर प्रगति कर रहा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर कोटा में भाजपा नेता पंकज मेहता द्वारा वृद्धाश्रम में फल वितरित किए गए।

में विकास व प्रगति के कई बड़े आयाम स्थापित किए गए।

मोदी देश ही नहीं दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है जिसके चलते जनता ने उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर सेवा का अवसर दिया है। मेहता ने कहा कि आगामी 2040 में भारत विकसित भारत होगा, जिसके लिए प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में सरकार कार्य कर रही है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी त्याग, तपस्या, समर्पण, ईमानदारी और करूणा की प्रतिमूर्ति हैं। सेवा कार्य के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की लम्बी उम्र के लिए प्रार्थना की गई।

सार-समाचार

## आदित्य सागर ने विशुद्ध पावन वर्षायोग आध्यात्मिक प्रवचन दिया

**कोटा,** (निसं)। जैन धर्म का सबसे बड़ा पर्व पर्युषण पर्व के तहत चंद्र प्रभु दिगंबर जैन समाज समिति की ओर से जैन मंदिर ऋद्धि-सिद्धि नगर कुन्हाड़ी में आध्यात्मिक श्रावक साधना संस्कार शिविर में श्रुतसंवेगी आदित्य सागर मुनिराज संघ के मुनिराज ने तत्त्वार्थसूत्र रहस्य में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वासना नहीं आराधना उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है। उन्होने कहा कि पर्यायकृपर्याय में भेंद करना-सीखना होगा। स्व पत्नि व स्व पति धर्म के बारे में बताया और संस्कार शिविर में सबको बैठने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो पात्र होंगे वहीं संस्कार शिविर में भाग लेंगे और पापी होंगे वह दूर भाग लेंगे। तत्त्वार्थ सूत्र रहस्य में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के विनाश के कारणों पर चर्चा कर श्रावको को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि जिसके पास सेल्फ कंट्रोल है वहीं उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म का पालन कर पाएगा। अध्यक्ष राजेंद्र गोधा, सचिव पंकज खटोड़ ने बताया कि दसलक्षण पर्व माला व अनंतमाला का सौभाग्य टोंग्या परिवार व सांवला परिवार ऋद्धि-सिद्धि ने ली। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष टीकम चंद पाटनी, मंत्री पारस बज, पारस कासलीवाल ने बताया कि मंगलवार को दोपहर 2 बजे से शहर के जैन मंदिर ऋद्धि-सिद्धि नगर कुन्हाड़ी में स्थित मंदिरों से जिनेंद्र भगवान की शोभायात्रा निकाली। विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर पहुँचेगी।

## भजन संध्या आयोजित

**बून्दी** (निसं)। अनन्त चतुर्दशी की पूर्व संध्या पर लंका गेट दरवाजे पर स्थित श्री मनोकामना पूर्ण गणेश जी एवं भैरव मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष कालू कटारा ने बताया कि भजनों से पूर्व गणेश जी महाराज का आकर्षक श्रृंगार किया गया। दीप प्रज्ज्वलित कर भजन गायक जगदीश अनुरागी द्वारा गणेश वन्दना से भजन संध्यां की शुरुआत की। अनुरागी एवं पं महावीर बांसी द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर भजन प्रस्तुत किए। भजन संध्या के अंत में गणेश जी महाराज की महाआरती कर के प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष महावीर धगाल, पप्पू धगाल, दीपक गुर्जर, ललित जैन, मोहन कटारिया, सत्यनारायण सोमानी, पं महावीर, झूले लाल, घासीराम बागडी, रघुवीर नायक, राम गोपाल सोमानी, पप्पू कुमावत, लक्ष्मी चंद नायक, जीतमल कुमावत, लोकेश शर्मा, सुरेश गोस्वामी, जगदीश शर्मा, सत्यनारायण गुर्जर सहित बढ़ी संख्या में भक्त जन मौजूद रहे।

## पोखरा समाज द्वारा अनंत चतुर्दशी जुलूस में पकोड़ी का वितरण

**कोटा,** (निसं)। कोटा में आयोजित अनंत चतुर्दशी जुलूस में पोखरा समाज कोटा द्वारा पकोड़ी का वितरण श्रद्धालुओं को किया गया। पोखरा समाज के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल, संयोजक तरुण, ओम पोखरा, सुनील, ललित, कौशल व दीपक ने बताया कि समाज द्वारा प्रति वर्ष अनंत चतुर्दशी की शोभायात्रा में करीबन एक हजार किलोग्राम पकोड़ी का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर समाज बंधुओं का सम्पूर्ण सहयोग भी मिलता रहता है। इसी प्रकार बोहरा समाज के हुसैन (मीम इन्टरप्राइजेज) ने भी शोभायात्रा में दर्शनार्थियों के लिए ठंडे शर्बत का वितरण अपने पूरे स्टाफ के साथ किया। इस दौरान 40 हजार गिलासों का वितरण कर सामाजिक सौहार्द की मिसाल प्रस्तुत की गई।

## बॉक्सिंग व वुशु खेल प्रतियोगिता हुई

**बून्दी** (निसं)। माध्यमिक व उच्च माध्यमिक (17/19 वर्षीय छात्र/छात्रा) 68वीं जिला स्तरीय बॉक्सिंग व वुशु खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंज बालाजी में किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन में समाज सेवी श्री भरत शर्मा, रामगंज सरपंच रामलाल सैनी, समाजसेवी बद्रीलाल नागर ने प्रतिभागियों को उद्बोदित कर खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया एवं पढ़ाई में खेल का महत्वपूर्ण स्थान बताया। इस खेल प्रतियोगिता में बूंदी जिले के विभिन्न विद्यालयों के 156 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम प्रभारी शारीरिक शिक्षक अंकुर निंबार्क एवं संस्था प्रधान मीनाक्षी कुमारी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, निर्णायकों ,विद्यार्थियों, दर्शकों,विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## साइपर मेथ्रिन का छिड़काव करवाया

**अंता** (निसं)। डॉ. सूर्य प्रकाश गर्ग खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी अन्ता एवं ब्लॉक स्तरीय रेपिड रेसपोंस टिम द्वारा ग्राम गोपालपुरा मे पाये गये स्क्रब टॉयफस मरीज के घर का सर्वे करने के साथ-साथ 50 घरो मे एन्टी लार्वा गतिविधियॉ का सर्वे किया गया, एवं जनसामान्य को स्क्रब टॉयफस बिमारी के फैलने एवं बचाव के उपाय बताये गये, सर्वे के दौरान लार्वा व गंबुसिया मछिलयो का प्रदर्शन भी किया गया। डॉ0 सूर्य प्रकाश गर्ग ने बताया स्क्रब टॉयफस बिमारी पशुओ के माध्यम से इन्सानो मे फैलती है, वर्तमान मे बरसात का पानी कई स्थानो पर भरा हुआ है, जिसमे मच्छर पैदा होते है, जो कि डेंगु, मलेरिया जैसी बिमारिया फैलाते है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पलायथा पर कार्यरत स्टॉफ द्वारा पशु पालन विभाग से सम्पर्क कर पशु बाडो मे साइपर मेथ्रिन का छिडकाव करवाया गया।

## कोटा अन्डर-23 क्रिकेट टीम के लिए चयन ट्रायल 19 को

**कोटा,** (निसं)। कोटा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में खेली जाने वाली राज्य स्तरीय अन्डर-23 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए कोटा जिले की टीम हेतु चयन ट्रायल 19 सितम्बर को अनन्तपुरा स्थित अनन्तपुरा क्रिकेट ऐकेडमी पर सुबह 9.00 बजे से आयोजित होगी। इस ट्रायल मे कोटा जिले के खिलाड़ी भाग ले सकते है। विशेषज्ञ चयन समिति की रेखदेख में आयोजित होने वाली चयन ट्रायल में वही खिलाडी भाग ले सकते है जिनका जन्म 1 सितम्बर 2001 के बाद का हो। ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाडी को अपने साथ कम्प्यूटराईज जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, विगत तीन वर्षो की स्कूल की मार्कशीट, पासपोर्ट साईज फोटो व माता पिता के आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को सफेद ड्रेस में आना होगा।

## 570 मालगाड़ी डिब्बों की मरम्मत की

**कोटा,** (निसं)। मुख्य कारखाना प्रबंधक सुधीर सरवरिया के नेतृत्व में वर्कशॉप के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अप्रैल में 561, मई में 662, जून में 560, जुलाई में 561 एवं अगस्त में 570 अर्थात कुल 2914 वैगनों का मरम्मत कर आउटटर्न दिया। वर्तमान में रेलवे बोर्ड द्वारा प्रति माह वैगनों के मरम्मत का निर्धारित लक्ष्य 560 वैगनों है। माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा में रेलवे बोर्ड द्वारा प्रतिमाह निर्धारित लक्ष्य के समतुल्य अथवा अधिक वैगनों का पीओएच (पीरियोडिक ओवर हॉलिंग) आउटटर्न दिया जा रहा है। इस सत्र में अगस्त में सर्वाधिक 570 वैगनों का मरम्मत कोटा वर्कशाप द्वारा किया गया। जोकि निर्धारित लक्ष्य से 10 अधिक है।

## पर्यूषण पर्व धूमधाम से मनाया

**कोटा,** (निसं)। बल्लभबाड़ी जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व हर्षोउल्लस के साथ मनाया गया। नरेश जैन ने बताया कि पूरे समाज ने अभिषेक शान्ति धारा की और 10 धर्म की प्रति दिन पूजा आराधना की। राजेन्द्र जैन ने बताया कि आज के दिन ब्राम्हचार्य धर्म की पूजा की।


**कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान**

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी0ए0डी0 सर्किल, कोटा
Website : www.kotamc.org, Email : nnksouth@gmail.com,

क्रमांकः- ननि (दक्षिण) को/रा.मे.द./2024/5015-16 दिनांकः- 14.09.2024

-:: आम-सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 131वॉं राष्ट्रीय मेला दशहरा 2024 का आयोजन नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा दिनांक 03.10.2024 से 28.10.2024 तक आयोजित किया जा रहा है। इस हेतु वर्ष 2023 में जिन व्यापारीयों को ईस्ट व नोर्थ जोन में नीलामी के माध्यम से दुकानों/भूमि/झूलों का अस्थाई आवंटन किया गया था उन समस्त नीलामी आवंटियों को वर्ष 2023 की नीलामी से छूटी राशि पर उक्त दुकान/भूमि का उसी दर राशि पर अस्थाई आवंटन किया जा रहा है, उक्त आवंटन 18.09.24 से 22.09.24 तक कमरा नं. 238 राजस्व अनुभाग में किया जा रहा है, उक्त दिवसों में उपस्थित नही होने पर उक्त स्थान/भूमि अन्य को निर्णय अनुसार आवंटित कर दी जावेगी, जिसका कोई उज्र मान्य नही होगा। राजकीय अवकाश के दिवसों में भी कार्यालय में आवंटन की प्रक्रिया चालू रहेगी।

1. आधारकार्ड की प्रति के साथ वर्ष 2023 की नीलामी से आवंटन की मूल रसीद।
2. वर्ष 2023 नीलामी में सफल आवंटी को आवंटन के समय उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
3. अन्य शर्ते पूर्व नीलामी के अनुसार लागू होगी।
4. दुकान/भूमि/झूला का आवंटन अस्थाई रूप से मेला अवधि दिनांक 03.10.2024 से 28.10.2024 तक मान्य होगी।

राज संवाद/सी/24/5285 अतिरिक्त आयुक्त एवं मेलाधिकारी

## सार-समाचार

### तीन दिवसीय डोल मेले का समापन

**अंता** (निसं)। नगर पालिका अंता एवं श्री वीर हनुमान समिति बमोरी धाम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय डोल मेले का समापन वालीवुड स्टार नाइट के धमाकेदार प्रदर्शन के साथ समापन हुआ।इस वालीवुड स्टार नाइट में देर रात्रि तक हजारों की संख्या में दर्शक झूमते रहे।इस कार्य क्रम में विधायक डाक्टर कंवर लाल मीणा पुलिस उपाधीक्षक अंता सोजीलाल मीणा, पूर्व प्रधान शिवराज सिंह हाडा सहित अनेक भाजपा नेता मंचासीन अतिथि थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए ओमप्रकाश मेरोठा ने आगंतुक अतिथियों का परिचय कराया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय गोचर, रामदयाल सुमन, महेंद्र सहित अन्य पदाधिकारियों ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर हनुमान जी महाराज की तस्वीर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। वालीवुड स्टार नाइट का शुभारंभ रात्रि 10 बजे गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके साथ ही वालीवुड स्टार नाइट की पहली पेशकश ने हजारों की संख्या में मौजूद युवाओं की मनपसंद प्रस्तुति देते हुए काफी वाह वाही लूटी। कार्यक्रम में नगर पालिका अंता के अधिशासी अधिकारी नरेश राठोर ने आगंतुक, सभी अतिथियों कलाकारों मीडिया कर्मियों, एवं मेला आयोजन समिति एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया। मेले में लगातार दर्शकों की आवाजाही से पांडाल लगायें गये बेरेकभी काम नहीं कर सके। महिला पुरुष की अलग-अलग बैठक व्यवस्था भी डगमगाने लगी। मेले स्थल पर लगातार वाहनों की आवाजाही से जाम जैसे हालात बन गए। मेले सुरक्षा की दृष्टि से थानाधिकारी अंता दिग्विजय सिंह गुर्जर ,मय जाप्ता तैनात रहे।

### आवास लाभार्थियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम

**छबड़ा** (निसं)। पंचायत समिति के सभागार में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों को नए आवास हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए एवं जिन लाभार्थियों के आवास पूर्ण हो चुके हैं, उनको प्रतीकात्मक चाबी गृह प्रवेश हेतु भेंट की गई। लाभार्थियों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। लाभार्थीयों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, शाल, श्रीफल आदि भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान हरिओम नागर थे। वहीं अध्यक्षता विकास अधिकारी अजीत कुमार मीणा ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य फूल सिंह मीणा, सेमली मंडल अध्यक्ष अशोक गौड, पूर्व देहात मंडल अध्यक्ष मोहनलाल नागर उपस्थित रहे। वित्तीय वर्ष 2024-25 कुल 670 आवास के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 648 की स्विकृति जारी हो चुकी है। प्रधान नागर एवं विकास अधिकारी ने पूर्व मे स्वीकृत आवास के लाभार्थीयों के घर घर जाकर उन्हें ग्रहप्रवेश कराया।

### पटवार संघ की पैन डाउन हड़ताल

**नैनवां** (निसं)। पटवार संघ के सदस्यों ने सरकार के साथ हुए समझौते की पालना न होने के बाद दो दिवसीय पैन डाउन हडताल करते हुए। संघ अध्यक्ष घनश्याम कहार के नेतृत्व में प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग के नाम पांच सूत्री ज्ञापन तहसीलदार रामराय मीणा को सोपा। ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के आदेशानुसार फसल गिरदावरी एप्प से ऑनलाइन की जानी है।मगर उक्त एप्प में अनावश्यक व्यवधान व अनियमितता के कारण परेशानियों का सामना करना पडता है। जिसको लेकर सरकार के साथ संशोधन को लेकर सहमति बनी थी। मगर सहमति के 25 दिन व्यतित हो जाने के उपरान्त भी संशोधन नहीं हुए है। उक्त संशोधन होने तक पटवार संघ द्वारा गिरदावरी कार्य नहीं करने का निर्णय लिया गया है।अत: दिनांक 17-18 सितम्बर 2024 को गिरदावरी बहिष्कार करते हुए पेन डाउन स्ट्राईक कर मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर पटवार संघ के सदस्य उपस्थित रहे

### विश्वकर्मा जयंती मनाई

**अंता** (निसं)। दिहाड़ी मजदूर संघ अंता द्वारा दिहाडी मजदूर संघ कार्यालय पर भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह मनाया गया। , इस अवसर पर रंगारंग आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। संघ के अध्यक्ष शंकरलाल मेहरा ने बताया कि हरवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती समारोह पर मुख्य कार्यक्रम और कस्बे में शोभायात्रा निकाली मंगलवार को दिहाडी मजदूर संघ कार्यालय पर भगवान विश्वकर्मा जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर सभी दिहाडी मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने हवन यज्ञ में आहुतियां दी और इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया और कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम के दौरान राधेश्याम, पूर्व अध्यक्ष रमेश सुमन राधाकिशन, हरिप्रसाद, अनूप महावर, रामस्वरूप, श्याम विहारी, राजेंद्र, लालचंद, रामप्रसाद मेघवाल, सलीम, इब्राहिम, नवलकिशोर, हेमराज, कन्हैया लाल, घनश्याम बैरवा, लालचंद मेघवाल, सोभाग सुमन, राजू, ओम प्रसाद, बबलू, जमनालाल, सत्यवान, महावीर सुमन, हीरालाल, धनराज, सत्यप्रकाश, ओमप्रकाश प्रजापति, चतुर्भुज, सन्नी महावर मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री का जन्मदिवस मनाया

**रावतभाटा,** (निसं)। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74 वे जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा ग्रामीण मण्डल द्वारा भैंसरोडगढ़, बोराव के श्रीपुरा ग्राम की भील बस्ती में जाकर छोटे-छोटे बच्चों व ग्रामीणो में फल वितरित करके जन्मदिवस मनाया व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदर्शों पर चलकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने को कहा। इस मौके पर भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष सुनील जैन, भाजपा ग्रामीण मण्डल उपाध्यक्ष सुरेश कुमार लबाना, सेवा पखवाड़ा संयोजक फोरू लाल राठोर, पंचायत समिति सदस्य नन्दलाल मीणा, मण्डल उपाध्यक्ष दिलीप वैष्णव, रामस्वरूप प्रजापत, पूर्व एससी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सुरेश खटीक, बूथ अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, बूथ अध्यक्ष हिम्मत सिंह राठौड़, महेश धाकड, घनश्याम शर्मा, बलदेव भील, शंकरलाल भील, गोपाल ओड, सुगनलाल भील, भैरु ओड व ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### पर्युषण पर्व धूमधाम से मनाया

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा दशलक्षण महापर्व के दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर श्री सुपार्श्वनाथ व श्री पार्श्वनाथ मंदिरजी में सुबह प्रक्षाल व शांतिधारा हुई। सकल दिगंबर जैन समाज के अमित जैन ने बताया की पार्श्वनाथ मंदिरजी की शांतिधारा बौली आनंद गोयल देवेन्द्र गोयल के नाम 11000 में हुई। वही श्री सुपार्श्वनाथ मंदिर की शांतिधारा की बोली 5200 अनिल जैन,कुलदीप जैन धीरज जैन के नाम हुई बाद में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजन हुआ दिन के 3 बजे जुलुस निकाला व रजत कलश की बौली 3100 में सज्जन मेवाडा शशि मेवाडा के नाम हुई। शाम को 5.30 बजे श्री जी पर कलश किये और महाआरती एवं ब्रह्मचर्य धर्म पर चर्चा की गई।

### कार्मिकों को बकाया वेतन मिला

**छबड़ा** (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी के अथक प्रयासों से श्री प्रेमसिंह सिंघवी राजकीय महाविद्यालय में कार्यरत निजी कार्मिकों को विगत तीन वर्ष से बकाया वेतन मिला है। कर्मचारियों के बकाया भुगतान के लिए 43 लाख रुपये स्वीकृत किए गए है, जिससे कर्मचारियों में हर्ष व उल्लास है। सभी कर्मचारियों के सिंघवी का आभार जताया। महाविद्यालय में कार्यरत निजी कार्मिकों को विगत तीन साल से समय पर वेतन नहीं मिल रहा था, जिससे सभी निजी कार्मिकों को अपने परिवार के जीवनयापन की समस्या हो रही थी। सिंघवी ने समय समय पर निजी कार्मिकों को वेतन दिलाने के लिए विधानसभा में कई बार मामला उठाया। मुख्यमंत्री सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी समय समय पर वार्ता कर पत्र लिखे, जिससे कर्मचारियों को बकाया वेतन मिला।

### विधायक मीणा अंता दौरे पर रहे

**अंता** (निसं)। अंता विधायक कंवरलाल मीणा मंगलवार को अंता दौरे पर रहे, इस दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमो में भाग लिया। पंचायत समिति सभागार में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत ग्रह प्रवेश कार्यक्रम में भाग लिया। और पूर्ण आवास योजना के लाभार्थियों को शॉल, श्रीफल व पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित किये। साथ ही नव स्वीकृत आवासों के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये ओर पंचायत समिति सभागार में चल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को सुना। इस दौरान विधायक कंवरलाल मीणा ने कहा की देश का व गरीबो का सच्चा बेटा तो केवल नरेंद्र मोदी ही है जो हमेशा देश हित की सोचकर कार्य करते है। इसी के साथ विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर केक काटकर बधाई दी।


### 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान शुरू

**अंता** (निसं)। नगर पालिका अंता द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत थीम स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्घघाटन किया गया। अभियान का उद्धघाटन खेमजी गार्डन में किया। इसी के साथ 1 घंटा श्रमदान और स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन रखा गया।

# अनंत चतुर्दशी पर शोभायात्रा में श्रद्धा का ज्वार उमड़ा, हैरतअंग्रेज करतब दिखाए

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में अनंत चतुर्दशी पर मंगलवार को श्री गणेश कला मंडल के तत्वाधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में कलाकारों व अखाडेबाजों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर सभी को रोमाचिंत कर दिया। इस मौके पर दो दर्जन से अधिक सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

अनंत चतुर्दशी की शोभायात्रा शाम चार बजे बाद कृषि उपज मंडी प्रांगण से शुरू हुई। शोभायात्रा में ढोल, नगाड़ो की थाप पर ऊंट व घोडो पर सवार होकर केसरियां ध्वज लेकर आगे-आगे चल रहे थे। डीजे पर जय श्रीराम के जयघोष ने वातावरण को भगवामय बना रखा था। इस बीच अखाड़ो के कलाबाजों ने हैरतअंगेज करबत दिखाकर दर्शको को रोमांचित कर दिया। यह शोभायात्रा धरनावदा चौराहा, आजाद सर्किल, अलीगंज बाजार सहित मुख्य मार्गा से होती हुए बाहरी दरवाजा पर स्थित सिद्धि विनायक मंदिर पर पहुंची, जहां गणेश प्रतिमाओं की महाआरती के बाद प्रतिमाओं को ट्रेक्टर-ट्रोली के माध्यम से गुगोर की पार्वती नदी में गगनभेदी जयघोष के साथ विसर्जन किया गया। रास्ते में कई स्थानो पर संगठनो द्वारा पेयजल व शरबत की स्टॉल लगाकर सेवा कार्य किया गया।



शोभायात्रा में कलाकारों व अखाड़ेबाजों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर सभी को रोमांचित कर दिया।

**शोभायात्रा में यह रहे आकर्षण का केंद्र:-** शोभायात्रा में जालंधर का आर्मी बैण्ड, दिल्ली से आए विशालकाय नंदी पर विराजमान शंकर भगवान, पंजाब का वादक दल, भरत नाट्यम, सहरिया नृत्य, कच्ची घोड़ी, राधाकृष्ण रास, शिव अघोरी नृत्य, बाहुबली हनुमान सहित विभिन्न देवी देवताओं एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत दो दर्जन झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

**बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात:-** शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात होने से समूचा शहर पुलिस छावनी बना रहा। एएसपी राजेश चौधरी, छबड़ा डीएसपी जेपी अटल, सीआई राजेश खटाणा सहित दो सीआई, 3 सब इंस्पेक्टर, एसटीएफ व आरएसी सहित 350 पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे। शोभायात्रा मार्ग की आधा दर्जन ड्रोन कैमरो से निगरानी रखी गई और वीडियो ग्राफी करवाई गई। वही, छतो व भवनो पर 40-50 पुलिस कर्मियों ने सादा गणवेश में निगरानी रखी। वही, शोभायात्रा पर इलेक्ट्रिक सर्वेलेंस से नजर रखी गई।

**■ शोभायात्रा में रही झांकियां शामिल**

तेज धूप व भीषण उमस भी लोगों का उत्साह नहीं डिगा सकी। जैसे-जैसे शाम ढलती गई आमजन का उत्साह बढता गया। शोभायात्रा मार्ग के दोनों ओर लोगों की भारी भीड जुटी रही। दूर-दराज व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों ने दोपहर दो बजे से ही शोभायात्रा मार्ग में अपनी जगह बना ली। शोभायात्रा मार्ग पर स्थित दुकानों व मकानों की छतों पर चढकर लोगों ने शोभायात्रा का आनंद लिया।

## गणेश महोत्सव का समापन

**नैनवां** (निसं)। नैनवां में दस दिवसीय गणेश महोत्सव का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। दस दिन से गणपति बप्पा के भक्ति के रंग में डूबे भक्त जनों ने नम आंखों, दुखी मन से गणपति बप्पा को अगले बरस फिर जल्दी आने की प्रार्थना के साथ विदाई दी। कस्बे के विभिन्न इलाकों से डेढ दर्जन से अधिक श्री गजानन महाराज के पांडलो से विधिवत पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा झांकियो के माध्यम से रवाना हुई। तो वही तीन दर्जन से अधिक छोटी मूर्तियां भी शोभायात्रा का हिस्सा बनी। शोभा यात्रा उनियारा चौराहा छोटे तालाब की पाल होते हुए मुख्य बाजार होकर नवल सागर तालाब की पाल पर पहुंची। इस बार तालाबों के लबालब भर जाने के कारण आम जन की जानमाल की सुरक्षा के मध्य नजर प्रतिमाओं का विसर्जन प्रशासन की देखरेख में क्रेन के माध्यम से करवाया गया। शोभा यात्रा में डीजे पर बज रहे।भजनों की मधुर स्वर लहरियों पर नाचते गाते हुए महिला, पुरुष, युवतियां, ने भाग लिया। गणपति महोत्सव की शोभायात्रा को निर्विघ्न संपन्न करवाने में पुलिस प्रशासन ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डीएसपी शंकर लाल मीणा ,थाना अधिकारी महेंद्र कुमार यादव तहसीलदार रामराय मीणा मय पुलिस जाप्ता शोभायात्रा के दौरान मौजूद रहे।

## रोजगार उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**बूंदी** (निसं)। द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में नव नियुक्त कार्मिकों की राजकीय सेवाओं की शुरुआत उत्सवी माहौल में हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह में नव नियुक्त राजकीय कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जिला स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10 हजार करोड़ से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव-2024 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विभिन्न लाभार्थियों को आवासों की स्वीकृतियां जारी कर प्रथम किश्त की राशि हस्तांतरित की जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मां) वाउचर योजना के पोस्टर का विमोचन भी किया।

द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का बूंदी में जिला स्तरीय कार्यक्रम मुख्यालय पर नैनवां रोड़ स्थित शगुन मैरिज गार्डन में जिला कलक्टर अक्षय गोदारा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, बूंदी पंचायत समिति प्रधान प्रेम बाई, जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, जिला रोजगार अधिकारी कमलेश मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र व्यास, सीएमएचओ ओपी सामर, डीआईओटी जेडी महेंद्र पाल, विद्युत विभाग के एसई के के शुक्ला की मौजूदगी में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के 96, वन विभाग के 46, शिक्षा विभाग के 20, पशुपालन विभाग के 7, विद्युत, पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंब किया गया।

# दस दिवसीय श्री गणेशोत्सव का समापन

**रावतभाटा,** (निसं)। महाराष्ट्र की धरती से उपजा श्री गणेशोत्सव भारत का छोटा भारत की अणु व परमाणु नगरी में आध्यात्म की अमीर छाप छोडते हुए विगत दस दिनों से मनाया जा रहा महोत्सव अन्नत चतुर्दषी के पावन पर्व के मौके पर प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही मंगलवार को संपन्न हो गया।

मंगलवार को रात्रि में गणपति बप्पा मोरिया की गगन भेदी गूंज के साथ ही गणेष भक्तों ने प्रतिमाओं को भव्य जुलूस के रूप में चंबल नदी के राणा प्रताप बांध के घाट पर विसर्जित किया गया। इसके साथ ही गणेष चतुर्थी पर प्रारंभ हुआ दस दिवसीय श्री गणेषोत्सव थम गया। अन्नत चतुर्दषी पर मंगलवार को ग्रामीण अंचल एंव नगर में विभिन्न जगहो पर स्थापित श्री भगवान गणेष जी की प्रतिमाओं का मांगलिक रस्म के साथ विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर षोभयात्रा निकाली गई। गणपति जी की झांकियां को सजाकर निकाला गया।

''गणपति बप्पा मोरिया अगले साल जल्दी आ'' के जयघोश के नारे के साथ बैंडबाजों, आतिषबाजी एंव गुलाल उडाते नाचते-गाते षोभायात्रा प्रारंभ हुई। षोभायात्रा के समय रास्ते में श्रद्धालुओं द्वारा श्री गणेष जी की पूजा पाठ की गयी। एंव प्रसाद भी वितरण किया गया। षोभयात्रा में अखाडे का प्रदर्षन किया गया। क्षेत्र के नया बाजार गार्डन, कोटा बेरियर पर श्री गुरू गणपति ज्ञान मंदिर, बुद्धा गार्डन सुभाश सर्किल अणुदीप कॉलोनी, श्री सार्वजनिक गणेष मंदिर चेतक मार्केट, चारभुजा झालरबावडी, चारण बस्ती, आरपीएस कॉलोनी, फेज टू बस स्टेण्ड, एनटीसी कॉलोनी रावतभाटा सहित अन्य स्थानों पर स्थापित प्रथम पूजक गणपति जी की प्रतिमाओं की महाआरती कर राणाप्रताप सागर बांध के चबंल के घाट पर गाजे-बाजों के साथ विसर्जित किया गया।

रावतभाटा के सबसे पुराने श्री सार्वजनिक गणेष मंदिर चेतक मार्केट से गणेष जी प्रतिमा की षोभयात्रा दोपहर को प्रारंभ हुई। जो चेतक मार्केट, जीवाजी मार्केट, हाटचौक पुराना बाजार नंबर 1 व 2, कोटा बैरियर अहिंसा सर्किल, प्रताप मार्केट, सिनेमा चौराहा, प्रताप सर्किल, जल संसाधन सिंचाई विभाग की आवासीय कॉलोनी होते हुए बांध के चंबल घाट पर पहुंची। नदी व तालाबों में पानी लबालब रहने से गणेष प्रतिमाओं के दर्षन करने श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड पड़ा। उपजिला कलेक्टर महेष गगोरिया व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़, रावतभाटा थानाधिकारी रायसल सिंह षेखावत ने जानकारी देते हुए बताया कि रावतभाटा में अंनतचौदस पर प्रषासन ने मूर्ति विसर्जन के लिए प्रषासन ने विषेश व्यवस्था की है।

जल संसाधन विभाग के इंडिया गेट बांध की चंबल नदी की सीढियों पर अंनत चौदस पर्व को देखते हुए प्रषासन ने बांध के इंडिया गेट पर विषेश व्यवस्था की है। 10 लाइफ जेकेट जवान तैनात रखे गए है। साथ ही मोटर बोट की व्यवस्था भी की गई है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को तैनात किया गया है। मूर्ति विसर्जन के समय इंडिया गेट पर तहसीलदार व नायब तहसीलदार, रेस्क्यू इंस्पेक्टर, पटवारी, जल संसाधन विभाग के कर्मचारी, मत्स्य विभाग के कर्मचारी भी तैनात किए गए है।

तथा दोपहर से जुलूस षुरू होने से लेकर समापन तक पुलिस उपाधीक्षक प्रभुलाल कुमावत के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता विषेश चौकसी निगरानी कानून व्यवस्था पर विषेश ध्यान दिया जा रहा था। षोभायात्रा में पुलिस प्रषासन द्वारा कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस जवान तैनात किए गए। जुलूस में रावतभाटा थानाधिकारी रायसल सिंह शेखावत, भैसरोडगढ़ थानाधिकारी मोहन सिंह षेखावत व उपनिरीक्षक प्रभुलाल कुमावत सहित कई अधिकारी साथ-साथ चल रहे थे। अनंत चतुर्दषी पर मंगलवार को प्रात: से लेकर रात्रि 12 बजे के बीच में चंबल घाट पर करीब 2000 से अधिक प्रतिमाओं का आरती के साथ विसर्जन किया गया।

# स्वच्छता अभियान पखवाड़ा के तहत सफाई कार्य की शुरुआत

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा नगर पालिका अध्यक्ष मधु कंवर हाडा ने मंगलवार को स्वच्छता अभियान पखवाड़ा के तहत सफा कार्य की शुरुआत की।

स्वच्छता ही सेवा के तहत नगर पालिका रावतभाटा द्वारा 17 सितंबर को स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता की थीम को लेकर नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के लिए मंगलवार को प्रात: 7 बजे एक घंटा एक साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान का आयोजन किया गया।

स्वच्छता सेवा अभियान को लेकर शहर में काफी उत्साह का माहौल रहा। यहां पर नगर पालिका सहित अन्य विभाग के कर्मचारी, बूढ़े-बुजुर्ग और युवा एवं नगर पालिका कर्मचारी ने पुराना बाजार स्थित हॉट चौक में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हनुमान मंदिर पुराना बाजार की मुख्य सड़क पर जगह-जगह स्वच्छता अभियान चलाया।

नगर पालिका अध्यक्ष मधु कंवर हाडा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता एक अच्छी आदत हैं, जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिए अपनाना चाहिए, यह हमें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से स्वस्थ बनाएं रखता हैं। घिले और सूखे कचरे को हमें अलग-अलग हरे और नीले कचरा पात्र में डालना चाहिए।

स्वच्छता केवल एक ही व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं हैं, बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी हैं सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और हमें अपने आसपास के वातावरण को हमेशा साफ सुथरा रखने में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। स्वच्छता अभियान में हम सभी को अपना योगदान देना चाहिए, स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 1 घंटा श्रमदान किया गया।

साथ ही राणाप्रताप सागर बांध पर उगी हुई झाडियां की कटिंग व घास कटिंग कर साफ सफा का कार्य किया गया। साथ गणेश विसर्जन का कार्यक्रम होने से राणाप्रताप सागर बांध के गार्डन को लाइटों से सजाया गया व पालिका कर्मचारियों द्वारा जगह-जगह रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

इस मौके पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मुकेश नागर ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में आए सभी स्वच्छता मित्र को स्वच्छता की शपथ दिलवा और बताया कि स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी हैं, स्वच्छता को हमें हमारे स्वभाव में परिवर्तित कर स्वच्छता के प्रति संकल्प लेना होगा और आमजन से अपील की हैं कि घर व दुकान से निकलने वाले कचरे को इधर-उधर नहीं फेके नगर पालिका का स्वच्छता वाहन आपके घर व दुकान तक आएगा कचरे को एकत्रित कर कचरा वाहन में ही डालें अगर को कचरा इधर-उधर फेके तो उसे रोके और टोके अपने शहर रावतभाटा को साफ सुंदर बनाने में सहयोग करे।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा कमलेंद्र सिंह हाड़ा, हर्ष जैन, हरीश राठौर, पार्षद प्रतिनिधि भंवर सिंह, गजेंद्र सिंह, रामबिलास लोधा, पालिका कार्यालय कर्मचारी, सफा जमादार, स्वच्छता मित्र, सफाई कर्मचारी व आमजन मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**झालावाड़** (निसं)। द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रात: 10 बजे सभागार राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख प्रेमबाई दांगी, अध्यक्षता जिला कलक्टर, विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक, निर्मल सकलेचा, कन्हैयालाल पाटीदार, पूर्व संसदीय सचिव नरेन्द्र नागर, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष संजय जैन ताउ, सभापति संजय शुक्ला, मुकेश चेलावत, यतिन यादव, मण्डल अध्यक्ष झालावाड़ चन्द्रमोहन दाभाई, मण्डल अध्यक्ष झालरापाटन महेश बटवानी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पाण्डे, औंकार बंजारा, ने की।

कार्यक्रम के आरम्भ में अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती को माल्यापर्ण व दीप प्रज्जलन कर की। इसके उपरान्त अतिथियों को स्वागत पुष्पगुच्छ भेट कर किया गया। कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा 8 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 10 हजार 300 करोड रुपये से अधिक लागत के कुसुम योजना सहित 1528 विकास कार्यो का लोकापर्ण एवं शिलान्यास, 2100 करोड रुपये से अधिक लागत से पीएम आवास योजना ग्रामीण के 1 लाख 45 हजार लाभार्थीयों को आसाय स्वीकृति पत्र एवं 31 हजार लाभार्थीयों को गृह प्रवेश, माँ वाउचर योजना का सम्पूर्ण प्रदेश में शुभारंभ, स्वच्छता ही सेवा पखवाडा का शुभारंभ, नमस्ते योजना के लाभार्थीयों को पीपीई किट वितरण किये गये।

द्वितीय रोजगार उत्सव के लिए नोडल विभाग चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को बनाया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि समारोह में जिले के 155 नवनियुक्त कार्मिकों की भागीदारी रही। इसके लिए 5 विभागों के नवनियुक्त कार्मिकों को आमंत्रित किया गया। इनमें 59 अभ्यर्थी शिक्षा, 36 वन विभाग, 57 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, 2 सांखिकी विभाग, 1 कार्मिक स्वायत्त शासन विभाग से रहे।

## पितृ ऋण से मुक्ति का पर्व श्राद्ध पक्ष प्रारंभ

**रावतभाटा,** (निसं)। पितृ ऋण से मुक्ति का पर्व श्राद्ध पक्ष बुधवार से प्रारंभ हो रहा हैं। लोग पारंपरिक रूप से घर की कन्याओं तथा ब्राह्मण को भोजन करा रहे है। घर की छत पर कागोल रखा जा रहा है। आज के दिन घर की छत पर कागोल रखने की परंपरा है। कागोल भोजन की थाली होती है जो कौए के लिए निकाल कर घर की छत पर रखी जाती है। आज कौवों की कमी का लोगो को अहसास हो रहा है। गौरतलब है कि पिछले कई वर्शो से कौवों की प्रजाति लुप्त हो रही है। श्राद्ध पक्ष सोलह दिनों तक चलेगा। इस दौरान जातक अपने पूर्वजों को तर्पण से जलाजंलि देकर उनकी आत्मा की षांति के लिए प्रार्थना करेंगे। पंडितों के अनुसार श्राद्ध पक्ष 2 अक्टूबर तक रहेगा। पूर्णिमा से आष्विनी कृशण पक्ष की अमावस्या तक पितृपक्ष होगा। प्रतिपदा तिथि का श्राद्ध कल होगा जबकि चतुर्दषी का श्राद्ध 1 अक्टूबर को होगा। सर्व पितृ श्राद्ध 2 अक्टूबर तक रहेगा। षास्त्रों का कहना है कि श्राद्ध पक्ष वास्तव में पितरों को याद करके उनके प्रति श्रद्धा भाव प्रदर्षित करने और नई पीढी को अपनी वैदिक संस्कृति से अवगत कराने का पर्व है। पहले दिन आज सुबह 6 बजे से ही पूर्णिमा श्राद्ध का तर्पण किया गया। आज चंबल नदी पर बने राणा प्रताप सागर बांध के घाट व समरब्रिज की पुलिया चंबल नदी के तट पर तर्पण कर्म करवाने वालों की भीड रही।

# बूंदी शहर में गणपति धूमधाम से विदा हुए, शोभायात्रा में भक्तों की भीड़ उमड़ी

**बूंदी** (निसं)। जिले भर में अनंत चतुर्दशी महोत्सव बडी धूमधाम से मनाया गया। गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के उद्घोषों के बीच भजनों की धुनो पर नाचते गाते श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को पूजा अर्चना कर विदा किया। देररात तक शहर में जैतसागर, नवल सागर, बोहरा कुंड सहित मांगली नदी पर एक से 6 फीट तक की लगभग 2500 से ज्यादा छोटी बडी प्रतिमाओं का जलाशयों में विसर्जन किया जाता रहा। इससे पूर्व पूरे जोश के साथ गणेश प्रतिमाओं की पूजा अर्चना कर लोगों ने भगवान समक्ष अपनी अपनी प्रार्थनाएं भी की। अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर शहर के अलग अलग हिस्सों से गणेश प्रतिमाओं को शोभायात्राएं निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु दिनभर गणेश प्रतिमाओं को जत्थों के रूप में लेकर विसर्जन स्थल तक लाते रहे।

गुरुवार को गणेश महोत्सव समिति की ओर से अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। यहां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा व सभापति सरोज अग्रवाल ने गजानन महाराज की मुख्य आरती कर विसर्जन शोभायात्रा को रवाना किया। भूरा गणेश मंदिर प्रांगण से पूजा अर्चना के पश्चात शोभा यात्रा शुरू हुई, जो कोटा रोड, नागर सागर कुंड , चौगान दरवाजा, चोमुखा बाजार, चूड़ी बाजार, मोची बाजार, कागजी देवरा होते हुए जैतसागर पहुंची। जहां पर विधिवत पूजा अर्चना और महा आरती के साथ गजानन की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।



जिलेभर में अनंत चतुर्दशी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

शोभायात्रा का मार्ग भर में जगह जगह आमजन द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। महोत्सव समिति प्रवक्ता अभिषेक जैन ने बताया कि विसर्जन शोभायात्रा में महोत्सव समिति अध्यक्ष पूर्व सभापति महावीर मोदी, संयोजक भरत शर्मा, संरक्षक रोशन भड़कतिया, विजयंत सिंह आमेरा, पंडित ज्योति शंकर शर्मा, नवल किशोर श्रंगी, सुरेश अग्रवाल, राजकुमार श्रंगी, महावीर जैन, राकेश बोयत, संजय शर्मा, संजय तारवान, केसी वर्मा, चंद्र प्रकाश सेठी, अनिल शर्मा, लक्ष्मी चंद गुप्ता, घनश्याम जोशी, मनमोहन अजमेरा, भगवान लाडला, पेंशु सिंह, रवि शर्मा, नीरज पांडे, सुरेश नागर, अनिल लखोटिया, मनोज गौतम, नारायण मंडोवरा, गौरव वर्मा, लोकेश दाधीच, अशोक जैन, चेतन पंचोली, बंटी शर्मा, यश मोदी, बंटी जैन, मानस जैन, नवीन सिंह, भेरू प्रकाश शर्मा, राजेश शेरगड़िया, अशोक शेरगड़िया, रोहित बैरागी, अशोक शर्मा, हिमालय वर्मा, राजेंद्र दाधीच, नारायण सिंह गौड़, विनोद सिंह, दिनेश राठौर, सहित आमजन मौजूद रहे।

**■ शहर भर में 2500 छोटी बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ**

**पुलिस रही चौकस:-** गणेश प्रतिमाओं को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन चौकस रहा। जैतसागर, नवल सागर, बोहरा कुंड सहित मांगली नदी, जिले के सभी विसर्जन स्थल जलाशयों पर पुलिस की व्यवस्थाएं चौकस रही। जैत सागर तालाब पर एसडीआरएफ सहित पुलिस के जवानों के साथ तालाब में मोटर बोट सहित क्रेन व अन्य संसाधन, भी तैनात रहे।

**गंदगी से सराबोर जैतसागर मे हुआ विसर्जन:-** शहर में सबसे ज्यादा प्रतिमाओं का विसर्जन जैतसागर तालाब में हुआ। जहां गंदगी से अटे पड़े घाटों पर ही श्रद्धालुओं को छोटी बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन करना पड़ा। हालांकि गुरुवार सुबह अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल तथा उपखंड अधिकारी सोहन लाल ने जैतसागर सहित अन्य जलाशयों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए साफ सफाई करवाने के प्रयास किए। लेकिन अंतिम समय चेतने के कारण घाटों के किनारे जनजनित गंदगी नजर आती रही।



अभिषेक को मैंने पास कर दिया जिसके बाद डी के अंदर जुगराज ने डिफलेक्ट करके गोल किया। मैच के 56वें मिनट में चीन ने भारतीय बढ़त को बराबर करने के लिए अपने गोलकीपर को हटा लिया।

– हरमनप्रीत सिंह

भारतीय हॉकी खिलाड़ी,
अभिषेक के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## रोहित शर्मा



**रोहित शर्मा** भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच चेन्नई के एमए चदिम्बरम स्टेडयिम में 19 सतिंबर से शुरू हो रहा है। 2 टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले रोहित शर्मा ने बांग्लादेशी टीम की बयानबाजी पर खुलकर जवाब दिया है। रोहित ने कहा कि बांग्लादेशी टीम को मजे लेने दो, उनको देख लिया जाएगा। चेन्नई में होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले टीम इंडयिा के कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधति किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेस में रोहित से बांग्लादेशी खलिाड़ियों के बयानबाजी पर पूछा गया। इस पर रोहित ने कहा सभी टीमों को इंडिया को हराने में मजा आता है।

**क्या आप जानते हैं ?...** फ्रांस 1938 में खेले गये तीसरे विश्व कप फुटबॉल में पहली बार मेजबान देश और गत चैम्पियन को बिना क्वालीफाई करे प्रवेश देने की प्रथा शुरू हुई।

# भारत ने पांचवीं बार एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब जीता

## फाइनल में चीन को 1-0 से हराया, मैच का एकमात्र गोल जुगराज ने किया




नई दिल्ली, 17 सितंबर। भारत ने लगातार दूसरी और ओवरऑल पांचवीं बार हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबले में भारत ने चीन को 1-0 से हरा दिया। मुकाबला चीन के हुलुनबुइर शहर के मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेला गया। इस टूर्नामेंट में भारत अजेय रहा।

मैच का एकमात्र गोल 51वें मिनट में जुगराज सिंह ने किया। चीन की टीम चार क्वार्टर के बाद भी गोल नहीं कर पाई। भारत को 4 जबकि चीन को 5 पेनल्टी कॉर्नर मिला। लेकिन दोनों टीम इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकीं। इससे पहले तीसरे प्लेस के लिए हुए मुकाबले में पाकिस्तान ने साउथ कोरिया को 5-2 से हरा दिया।

बराबरी पर रहा पहले क्वार्टर का खेल भारत और चीन के बीच एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहले क्वार्टर का खेल बराबरी पर रहा। पहले क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए, लेकिन चीन के डिफेंडर और गोलकीपर ने शानदार खेल दिखाते हुए उसे गोल में कन्वर्ट नहीं होने दिया। अभिषेक सिंह ने 8वें मिनट में गोल पर सीधा शॉट मारा। यहां चीन के गोलकीपर ने शानदार बचाव किया।

दूसरे और तीसरे क्वार्टर में स्कोर 0-0 दूसरे और तीसरे क्वार्टर में भारत और चीन की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। दूसरे क्वार्टर में चीन की टीम ने भारत को कड़ी टक्कर दी। भारतीय टीम को इस क्वार्टर में बहुत कम मौके मिले, लेकिन वह उसे गोल में नहीं बदल पाए। चीन के डिफेंडरों ने भारतीय अटैक का मजबूती के साथ सामना किया। इसके बाद तीसरा क्वार्टर भी बिना गोल के रहा। इस क्वार्टर में चीन की टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और कुछ मौके उन्होंने जरूर बनाए, लेकिन भारतीय डिफेंडर ने उनकी कोशिशों को नाकाम कर दिया।




# भारत-बांग्लादेश पहला टेस्ट लाल मिट्टी वाली पिच पर होगा

## चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में मुकाबला, सही कॉम्बिनेशन की तलाश में टीम इंडिया

नई दिल्ली, 17 सितंबर। भारत-बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जाना है। की रिपोर्ट के मुताबिक यह टेस्ट मैच लाल मिट्टी से बनी पिच पर खेला जाएगा। लाल मिट्टी की पिच पर बाउंस अच्छा मिलता है। चेन्नई में इन दिनों गर्मी पड़ रही है जिससे इस पिच में तीसरे दिन से स्पिनरों को भी मदद मिल सकती है।

तीन स्पिनर या 3 तेज गेंदबाज भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले टेस्ट मैच से पहले टीम मैनेजमेंट के सामने सबसे बड़ा सिरदर्द टीम कॉम्बिनेशन का है। ये तय है कि भारत, बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 5 गेंदबाजों के साथ उतरेगा। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा का खेलना तय माना जा रहा है।

इसके बाद बची हुई एक जगह के लिए अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, आकाश दीप और यश दयाल के बीच मुकाबला रहेगा। भारत ने जब आखिरी बार घर में बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेला था, तब टीम तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरी थी। कोलकाता में खेले गए इस मैच में भारत ने पारी और 46 रन से जीत दर्ज की थी। चेन्नई के चेपॉक में अब तक 995 विकेट में से स्पिनर्स को 595 विकेट मिले हैं। 3 स्पिनर और 2 पेसर का फॉर्मूला कामयाब रहा है भारतीय पिच पर 3 स्पिनर और 2 पेसर का भारतीय फॉर्मूला बेहद कामयाब रहा है। लेकिन लाल मिट्टी की पिच की वजह से भारत 3 पेसर्स के साथ उतर सकता है।

टीम को नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी करना है, जिसकी वजह से यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है। 629 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे पंत 30 दिसंबर 2022 को पंत का कार एक्सीडेंट हुआ था। इसके बाद पंत ने तेजी से रिकवरी करके क्रिकेट में वापसी की। अब वे टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने को तैयार है। पहले मैच में ध्रुव जुरेल से पहले उन्हें खिलाया जाना तय मन जा रहा है।

# विराट कोहली से ज्यादा टेस्ट छक्के है यशस्वी जायसवाल

नई दिल्ली, 17 सितंबर। टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड वीरेंद्र सहवाग के नाम दर्ज है। सहवाग ने 103 टेस्ट मैचों में कुल 90 छक्के लगाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने अभी तक 59 टेस्ट मैचों में 84 छक्के लगाए हैं।

टीम इंडिया के मौजूदा बैटर्स और ऑलराउंडर्स की बात करें तो सबसे ज्यादा छक्के रोहित के बल्ले से ही निकले हैं, लेकिन यहां मजेदार बात यह है कि भारत की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर्स की लिस्ट में विराट कोहली टॉप-15 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं हैं।

इतना ही नहीं मौजूदा टीम की बात करें तो रोहित, रविंद्र जडेजा, ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल ने ही विराट से ज्यादा छक्के लगा दिए हैं। इंडिया वर्सेस बांग्लादेश दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 19 सितंबर से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाना है।

पहले टेस्ट के लिए भारतीय स्क्वॉड: रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, शुभमन गिल, केएल राहुल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, ऋषभ पंत, आकाशदीप, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, यश दयाल।

किसने ठोके हैं कितने छक्के

चलिए अब नजर डालते हैं कि मौजूदा स्क्वॉड में किसने कितने टेस्ट छक्के लगाए हैं। रोहित शर्मा 84 छक्कों के साथ सबके बॉस हैं, इसके बाद यशस्वी की बात करें तो उन्होंने 9 टेस्ट मैचों में ही 29 छक्के लगा लिए हैं।

विराट कोहली ने 113 टेस्ट मैचों में कुल 26 छक्के लगाए हैं, वहीं शुभमन गिल ने 25 टेस्ट मैचों में कुल 24 छक्के लगाए हैं। केएल राहुल ने 50 टेस्ट मैचों में 24 छक्के जड़े हैं, तो वहीं सरफराज खान ने तीन टेस्ट मैचों में पांच छक्के उड़ाए हैं।

ध्रुव जुरेल ने तीन टेस्ट मैचों में सात छक्के लगाए हैं और ऋषभ पंत ने 33 टेस्ट मैचों में 55 छक्के ठोक डाले हैं। आकाशदीप ने एक टेस्ट मैच खेला और इसमें एक छक्का लगाया है, वहीं आर अश्विन ने 100 टेस्ट मैचों में 21 छक्के उड़ाए हैं।

रविंद्र जडेजा ने 72 टेस्ट मैचों में कुल 64 छक्के लगाए हैं। अक्षर पटेल ने 14 टेस्ट मैचों में 18 छक्के लगाए हैं, जबकि जसप्रीत बुमराह ने 36 टेस्ट मैचों में सात छक्के लगाए हैं। कुलदीप यादव ने 12 टेस्ट मैचों में एक छक्का लगाया है, जबकि मोहम्मद सिराज ने 27 टेस्ट मैचों में दो छक्के लगाए हैं। यश दयाल ने अभी तक टेस्ट में डेब्यू नहीं किया है।

## चैम्पियंस लीग फुटबॉल : 31 मई को मिलेगा चैम्पियन

लंदन, 17 सितंबर। दुनिया की सबसे बड़ी फुटबॉल लीग चैंपियंस लीग मंगलवार से शुरू हुई। 6 साल से ज्यादा की प्लानिंग, एक फेल प्रपोजल और सुपर लीग लॉन्चिंग की विफलता के बाद चैंपियंस लीग नए फॉर्मेट से एक्शन में दिखी। 6 साल में प्रतिष्ठित क्लबों ने लीग की आयोजनकर्ता यूरोपियन यूनियन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन पर बदलाव के लिए दबाव डाला, जिससे यूरोपियन फुटबॉल में उथल-पुथल मच गई। नतीजतन क्लबों को वह सब मिला, जो वे चाहते थे। मसलन अधिक टीमें, ज्यादा मैच और वे भी मजबूत कॉम्पटीटर के खिलाफ, भरपूर पैसा।अब 32 टीमों की जगह 36 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनके बीच 189 मैच खेले जाएंगे। पिछले सीजन तक 125 मैच होते थे। प्रत्येक टीम 6 की बजाय 8 मैच खेलेगी। वो भी तीन विरोधी नहीं बल्कि 8 विरोधियों के खिलाफ। यूरोप को नया क्लब चैम्पियन अगले साल 31 मई को म्यूनिख के एलियांज एरिना पर मिलेगा। यूएफा ने 36 क्लबों के लिए प्राइज पूल में 2.8 बिलियन डॉलर (करीब 23 हजार 500 करोड़ रुपए) की प्राइज मनी रखी है, जो पिछले सीजन की तुलना में 25 ज्यादा है।

**राजधानी**

# मुख्यमंत्री ने किया श्रमदान, 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा की हुई शुरूआत

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर में मालवीय नगर पुलिया के पास स्वयं श्रमदान कर प्रदेश में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आमजन को जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू किया गया था, जिसके सार्थक परिणाम हम सभी को देश में दिख रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेशभर में आज से 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े की शुरूआत की जा रही है। जिसके तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में सामूहिक जन भागीदारी के श्रमदान के माध्यम से गांवों एवं शहरों में सफाई तथा स्वच्छता का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एवं स्वस्थता एक दूसरे के पर्याय हैं। जिस जगह स्वच्छता रहती है, वहां स्वस्थता अवश्य होगी। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण स्वच्छता बिना जन सहयोग के संभव नहीं है। ऐसे में हम सभी स्वच्छता के विजन को ध्यान में रखते हुए अपने नागरिक कर्तव्य निभाकर इस अभियान का हिस्सा बनें।

शर्मा ने कहा कि इस महा अभियान में सफाई मित्र स्वच्छता के प्रहरी हैं। उनका बेहतर स्वास्थ्य एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी प्रण लें कि हम न केवल अपने घरों को बल्कि देश एवं प्रदेश को स्वच्छ बनाएंगे। साथ ही, स्वच्छ तथा स्वस्थ भारत बनाने की दिशा में मिलकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकसित राजस्थान की संकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए कृत संकल्पित है। हमारी सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान, बिजली-पानी की आपूर्ति के लिए आवश्यक कदम सहित विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजस्थान में न केवल 7 करोड़ पौधे प्रदेशभर में लगाए हैं बल्कि मानसून की मेहरबानी एवं राज्य सरकार के प्रयासों से बड़ी संख्या में पौधे जीवित हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगे भी सामाजिक सरोकारों के काम को सभी के सहयोग से लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों को आयुष्मान कार्ड वितरित कर सम्मानित भी किया। इस दौरान महिला सफाई मित्र ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा। शर्मा ने नगर निगम की 'रिसाइकिल' एवं 'जयपुर 311' एप्स का बटन दबाकर शुभारंभ किया। उन्होंने इन दोनों एप्स का पोस्टर विमोचन भी किया। 'रिसाइकिल एप' के माध्यम से नगर निगम द्वारा सूचना प्राप्त होने पर अब घर से ही सूखा कचरा श्रेणीवार एकत्रित किया जाएगा। साथ ही, घर पर ही निगम द्वारा ऑनलाइन भुगतान भी किया जाएगा। नगर निगम संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए शहरवासी जयपुर 311 एप का प्रयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया तथा निगम द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, उप महापौर पुनीत कर्णावत, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा सहित जयपुर नगर निगम एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं आमजन मौजूद रहे।

वही मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को जयपुर के आराध्य गोविन्द देवजी मंदिर पहुंचे।

उन्होंने यहां सपत्नीक विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। मंदिर के महंत ने शर्मा को गोविन्ददेवजी का चित्र भी भेंट किया। वहां उपस्थित जनसमूह ने मुख्यमंत्री को माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में महिलाओं को तुलसी के पौधे भी वितरित किए। इस दौरान विधायक बालमुकुन्दाचार्य सहित बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे।



**जयपुर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में महिलाओं को तुलसी के पौधे वितरित किए।**

## वाहनों के फिटनेस पर अतिरिक्त फीस वसूली पर रहेगी रोक

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने वाहनों का फिटनेस समाप्त होने के बाद पुनः फिटनेस कराने के बीच की अवधि में पचास रुपए प्रतिदिन की अतिरिक्त फीस वसूलने पर लगी रोक को हटाने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने इस संबंध में केन्द्र सरकार की ओर से दायर प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश सतपाल मील व अन्य की याचिका में केंद्र सरकार की ओर से दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने माना कि यह राशि फीस की श्रेणी में ना आकर पेनल्टी के रूप में आती है। ऐसे में इसकी वसूली नहीं हो सकती है।

प्रार्थना पत्र में कहा गया कि अदालत ने गत दिनों वाहनों का फिटनेस समाप्त होने के बाद उसका नवीनीकरण कराने तक प्रतिदिन पचास रुपए अतिरिक्त फीस वसूलने पर रोक लगा दी थी। जबकि सरकार को फीस लेवी लगाने का अधिकार है। ऐसे में इस आदेश को संशोधित कर फीस वसूलने की छूट दी जाए। जिसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि पचास रुपए अतिरिक्त फीस वसूलने का प्रावधान मोटर वाहन अधिनियम की धारा 211 के खिलाफ है। इस धारा में पेनल्टी का कोई प्रावधान ही नहीं है। जबकि सरकार अतिरिक्त फीस के नाम पर पेनल्टी वसूल रही है। ऐसे में फिटनेस शुल्क के अलावा अतिरिक्त फीस के नाम पर पेनल्टी नहीं वसूली जा सकती।

# राज्यपाल ने राजभवन में पौधारोपण किया



**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को राजभवन में प्रधानमंत्री की पहल पर देशभर में वृक्षारोपण के लिए चलाए जा रहे अभियान ''एक पेड़ मां के नाम'' के अंतर्गत राजभवन के औषधीय उद्यान में पौधारोपण किया।**

**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की है।

बागडे ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्र में निरंतर सर्वांगीण विकास के कार्य हुए हैं। उन्होंने मोदी को स्वप्न द्रष्टा प्रधानमंत्री बताते हुए देश में विकास के लिए उनकी पहल पर हुए कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि "विकसित भारत" का उनका संकल्प भारत को फिर से विश्व गुरु के रूप में स्थापित करेगा। उन्होंने मोदी के स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इससे पहले बागडे ने राजभवन में प्रधानमंत्री की पहल पर देशभर में वृक्षारोपण के लिए चलाए जा रहे अभियान "एक पेड़ मां के नाम" के अंतर्गत राजभवन के औषधीय उद्यान में पौधारोपण किया।

## देवनानी ने प्रधानमंत्री को जन्म दिवस की बधाई दी

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्म दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। देवनानी ने कहा है कि मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। भारतीय संस्कृति, परम्पराओं और विरासत को संरक्षित करने के नित-नवीन विलक्षण कार्य किये जा रहे हैं। प्रत्येक क्षेत्र में भारत का परचम विश्व में लहलहा रहा है। सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्वभर में समरसता के अग्रदूत के रूप में जाने जा रहे है।

## थानों में जब्त वाहनों के निस्तारण के लिए बनेगी एस.ओ.पी.

**जयपुर**। प्रदेश के थानों में विभिन्न प्रकरणों में जब्त किए गए वाहनों के निस्तारण के लिए जल्दी ही पुलिस की ओर से मानक संचालन प्रक्रिया यानि एसओपी बनाई जाएगी। एसओपी के जरिए तय किया जाएगा कि विशेष अधिनियम सहित अन्य अवैध गतिविधियों में जब्त वाहनों सहित थानों में कबाड़ हो रही गाडियों का निस्तारण किस तरह किया जाएगा। आईपीएस प्रहलाद कृष्णियां की ओर से हाईकोर्ट को इस संबंध में जानकारी दी गई। इस पर जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने एसओपी तैयार करने के लिए एक अक्टूबर तक का समय दिया है। इसके साथ ही अदालत ने थानों में रखे गए जब्त वाहनों और उनकी श्रेणियों की जानकारी भी मांगी है। अदालत ने कहा कि मामले में न्यायमित्र स्नेहदीप के सहयोग से एसओजी को अंतिम रूप दिया जाए। अदालत मामले में अब आठ अक्टूबर को सुनवाई करेगी।




*सचिन पायलट ने दौसा के भांडारेज में सरपंच मिट्ठूराम सैनी की मूर्ति का अनावरण किया तथा कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया।*

# 'राहुल गांधी की आतंकवादी से तुलना गलत, ऐसे बयान देने वाले माफी मांगे'

## सचिन पायलट ने यह भी कहा, जब वसुंधरा राजे सी.एम. थीं तब एक दिन भी उन्हें चैन से सोने नहीं दिया, पर कभी गलत भाषा नहीं बोली

- **कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने मंगलवार को दौसा के भांडारेज में पूर्व सरपंच मिट्ठूराम सैनी की प्रतिमा का अनावरण किया तथा उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिवसेना के शिंदे गुट के एक विधायक ने भी राहुल गांधी को धमकी दी है, ऐसी बाते पहले कभी नहीं देखी।**
- **कार्यक्रम में दौसा के सांसद मुरालीलाल मीणा, थानागाजी के विधायक कांतिलाल मीणा, किशनपोल के विधायक अमीन कागज़ी व कई पूर्व विधायक नेता आदि मौजूद थे।**

दौसा, 17 सितम्बर। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने मंगलवार को दौसा जिले के भांडारेज में पूर्व सरपंच मिट्ठूराम सैनी की मूर्ति का अनावरण किया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, राजेश पायलट जब दौसा से चुनाव लड़ते थे, तब मैं पांच साल का था। उस वक्त से ही हमारे परिवार को दौसा के लोगों से गहरा लगाव है। हमें यहां के लोगों ने जो प्यार समर्थन दिया उसका अहसान मैं कभी अपने इस जीवन में तो नहीं उतार सकता।

इस अवसर पर पायलट ने कहा, वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री थीं, तब हमने विरोध किया। मैंने एक दिन उनको चैन से सोने नहीं दिया। लेकिन कभी ऐसी(गलत) भाषा का प्रयोग नहीं किया। वो महिला हैं और उम्र में बड़ी हैं। हमने उनके प्रशासन, सरकार, नीतियों, गवरनैंस, भ्रष्टाचार का पुरजोर विरोध किया और आज भी विरोध करते हैं। लेकिन भाषा की शालीनता के साथ। ज़ुबान पर लगाम नहीं लगाएंगे तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या उदाहरण दे रहे हैं। हम बच्चों से अच्छी पढ़ाई, पाठ पूजा की बात कहते हैं, लेकिन, जब हम मंच पर भाषण देते हैं तो अनाप- शनाप बोलते हैं। इसलिए इस प्रकार की बातों की कोई जगह सभ्य समाज में नहीं हो सकती।

पायलट ने दौसा की जनता से कहा, अभी मुझे एआइसीसी का महासचिव व छत्तीसगढ़ का प्रभारी बना रखा है। लगातार दौरे करते रहता हूं। लेकिन वर्षों पुराने सम्बंधों को कोई तोड़ नहीं सकता। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने हमेशा पार्टी का झंडा बुलंद रखा है।

पायलट ने कहा कि आज का कार्यक्रम राजनीतिक नहीं है, लेकिन कोई भी राजनीतिक कार्यकर्ता चाहे किसी भी पार्टी का हो, उनको अधिकार नहीं है, समाज, प्रदेश व देश में ऐसी बातें बोलने का, जिनका संकेत गलत जाता है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बारे में क्या-क्या बातें बोली जा रही हैं। केन्द्र सरकार के एक मंत्री, जो हमारी पार्टी में थे, उनके दादा कांग्रेस से मुख्यमंत्री थे, उन्होंने राहुल गांधी के बारे में कितनी ओछी बात बोली और आतंकवादी से तुलना कर दी। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं, देश के गरीबों के हक की आवाज संसद में बुलंदी से उठाते हैं। ऐसे बयान देने वालों को माफी मांगनी चाहिए, साथ ही केन्द्र सरकार व भाजपा को भी माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि एक शिवसेना के विधायक ने धमकी दी है, जान से मारने की बात कर रहे हैं। इस प्रकार की राजनीति पहले कभी देखी नहीं। अगर हम किसी के बारे में अच्छा नहीं बोल सकते तो दूसरे के बारे में बुरा बोलने का भी अधिकार किसी को नहीं है। पायलट ने आगे कहा, आने वाले दिनों में प्रदेश में कई जगह उपचुनाव होंगे और दौसा में भी उपचुनाव होंगे। जनता ने रिकॉर्ड वोटों से मुरारीलाल मीणा को जिताकर लोकसभा भेजा है, वो आपके लिए काम करेंगे।

कार्यक्रम में सांसद मुरारीलाल मीणा, थानागाजी विधायक कांतिलाल मीणा, किशनपोल विधायक अमीन कागजी, पूर्व मंत्री ममता भूपेश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

# 'महिलाओं को रात में काम करने से मना नहीं किया जा सकता'

नयी दिल्ली, 17 सितंबर। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि, किसी भी कामकाजी महिला को यह नहीं कहा जा सकता कि वह रात में काम नहीं करे। मुख्य न्यायाधीश डी. वाय. चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कोलकाता में नौ अगस्त को एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मुकदमे में स्वत: संज्ञान सुनवाई के दौरान सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर पश्चिम बंगाल सरकार की एक अधिसूचना के बारे में बताए जाने के बाद यह टिप्पणी की। अधिसूचना में कहा गया है कि महिला डॉक्टरों की रात की ड्यूटी से बचा जा सकता है।

पीठ की अध्यक्षता करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस अधिसूचना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्य सरकार को अपने इस फैसले को वापस लेना चाहिए और महिला डॉक्टरों को उनके पुरुष समकक्षों के बराबर काम करने देना चाहिए। उन्होंने कहा, ऐसा कैसे हो सकता है? महिलाएं रियायतें नहीं, बल्कि समान अवसर चाहती हैं... महिला डॉक्टर हर परिस्थिति में काम करने को तैयार हैं। राज्य को इसे ठीक करना होगा। आप यह नहीं कह सकते कि महिला डॉक्टर 12 घंटे से अधिक शिफ्ट में काम नहीं कर सकतीं और रात में नहीं...सशस्त्र बल आदि सभी रात में काम करते हैं, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं।

# 'ए.सी.बी. ने बिना किसी कारण फंसाया है'

## हैरिटेज नगर निगम की मेयर मुनेश गुर्जर ए.सी.बी. की एफ.आई.आर. रद्द कराने हाईकोर्ट पहुंची

- **मुनेश गुर्जर ने याचिका में राज्य सरकार एवं शिकायतकर्ता सुधांशु सिंह को पक्षकार बनाया और कहा कि आरोप उनके पति पर लगे हैं, शिकायतकर्ता ने कहीं यह नहीं कहा कि वह मुझसे मिला था।**
- **गौरतलब है कि मेयर मुनेश गुर्जर पर रिश्वत लेकर पट्टे जारी करने के मामले में ए.सी.बी. ने गत वर्ष 6 अगस्त को एफ.आई.आर दर्ज करवाई थी और मुनेश ने हाईकोर्ट में अपराधिक याचिका दायर कर इस एफ.आई.आर. को चुनौती दी है।**

जयपुर, 17 सितंबर। हेरिटेज नगर निगम की मेयर मुनेश गुर्जर ने रिश्वत लेकर पट्टे जारी करने के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) की ओर से गत वर्ष 6 अगस्त को दर्ज एफ.आई.आर. को हाईकोर्ट में आपराधिक याचिका दायर कर चुनौती दी है। याचिका में राज्य सरकार और मामले के शिकायतकर्ता सुधांशु सिंह को पक्षकार बनाकर गुहार की गई है कि ए.सी.बी. की इस एफ.आई.आर. को रद्द किया जाए। अदालत मामले में आगामी दिनों में सुनवाई करेगी।

याचिका में अधिवक्ता दीपक चौहान ने बताया कि इस मामले में ए.सी.बी. याचिकाकर्ता से कोई भी डिमांड साबित करने में विफल रही है। ए.सी.बी. ने यह नहीं बताया है कि याचिकाकर्ता ने शिकायतकर्ता से कैसे डिमांड की और ए.सी.बी. ने उसका सत्यापन कैसे किया। इसके अलावा याचिकाकर्ता से कोई भी रिकवरी नहीं हुई है। वहीं, मामले में दर्ज एफ.आई.आर. में याचिकाकर्ता की भूमिका होने के संबंध में कोई भी सबूत नहीं है। ऐसे में ए.सी.बी. की एफ.आई.आर. भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत जरूरी शर्तों डिमांड व रिकवरी को ही सत्यापित नहीं करती है। इस संबंध में पूर्व में भी उसके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं पाए थे, यदि साक्ष्य होते तो उसके खिलाफ उसी समय कार्रवाई हो जाती। याचिकाकर्ता को इस मामले में गलत तरीके से फंसाया गया है। याचिकाकर्ता का मामले से कोई भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर संबंध नहीं है। यह एफ.आई.आर. उसके खिलाफ दुर्भावना के चलते दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता ने केवल उसके पति पर ही आरोप लगाए हैं और शिकायतकर्ता ने यह कहीं पर भी नहीं कहा है कि वह उससे मिला था और याचिकाकर्ता ने उससे किसी तरह की डिमांड की थी। ऐसे में ए.सी.बी. ने याचिकाकर्ता को बिना किसी कारण ही फंसाया है। इसलिए इस एफ.आई.आर. को रद्द किया जाए। गौरतलब है कि ए.सी.बी. ने मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर को नगर निगम से पट्टे जारी करने की एवज में रिश्वत मांगने से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद राज्य सरकार ने मुनेश को निलंबित कर दिया था। इस निलंबन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। वहीं बाद में, सरकार ने निलंबन आदेश वापस ले लिया था। राज्य सरकार ने जांच के बाद मुनेश को पुन: निलंबित किया था, लेकिन हाईकोर्ट ने दिसंबर, 2023 में निलंबन को रद्द कर दिया था।

# सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना सम्पत्ति पर बुलडोज़र चलाने पर रोक

## न्यायालय ने स्पष्ट किया, सार्वजनिक सम्पत्ति पर अतिक्रमण के मामले में यह रोक लागू नहीं होगी

- **सर्वाच्च न्यायालय ने कहा कि अपराधिक मामले के आरोपी की अचल सम्पत्ति गिराना संविधान की भावना के विरुद्ध है।**

नई दिल्ली, 17 सितंबर। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर कहा कि बिना उसकी अनुमति किसी भी आपराधिक मामले में राज्यों द्वारा आरोपी की संपत्ति को नहीं गिराया जाएगा।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ता जमीयत उलमा ए हिंद की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाई (आपराधिक मामले के आरोपी की अचल संपत्ति गिराना) संविधान की भावना के विरुद्ध है।

पीठ ने दो सितंबर के अपने आदेश के बाद दिए गए बयानों पर भी आपत्ति जताई। पीठ ने कहा कि उसके आदेश के बाद भी ऐसे बयान आए हैं कि बुलडोज़र का इस्तेमाल जारी रहेगा।

शीर्ष अदालत ने कहा, "दो सितंबर के आदेश के बाद भी इस पर जोरदार बहस हुई है। क्या हमारे देश में ऐसा होना चाहिए? क्या चुनाव आयोग को इस पर ध्यान देना चाहिए? हम निर्देश तैयार करेंगे।" पीठ ने कहा, "हम स्पष्ट कर दें कि हमारे निर्देश होंगे। उन्हें दिशा-निर्देश कहा जा रहा है। अगली तारीख (एक अक्टूबर) तक अदालत की अनुमति के बिना ध्वस्तीकरण पर रोक होनी चाहिए।"

शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन, जल निकायों आदि पर कोई अनधिकृत निर्माण होने पर उसका यह आदेश लागू नहीं होगा। पीठ ने कहा, "हमने स्पष्ट कर दिया है कि हम अनधिकृत निर्माण के बीच में नहीं आएंगे, लेकिन यह ध्यान रहे कि कार्यपालिका न्यायाधीश नहीं हो सकती।" शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए एक अक्टूबर की तारीख मुकर्रर करते हुए कहा, "अगली तारीख तक, जब तक वैधानिक रूप से अनुमति न हो, तब तक कोई तोड़फोड़ नहीं की जाएगी।"

### संशोधित ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती-2020 में जयपुर ग्रामीण के लिए आवेदन किया था। वहीं उनके मेरिट में आने पर विभाग ने उन्हें 27 मई, 2021 को नियुक्ति दे दी। याचिका में कहा गया कि इस दौरान कुछ प्रश्नों के उत्तरों को गलत जांचने को आधार बनाकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। जिसमें हाईकोर्ट ने विशेषज्ञ कमेटी गठित कर इन विवादित प्रश्नों का पुन: परीक्षण करने के आदेश दिए। कमेटी ने तीन प्रश्नों के जवाबों में संशोधन किया। जिसके चलते 10 जून, 2022 को संशोधित परिणाम जारी किया गया। जिसकी संशोधित मेरिट लिस्ट में याचिकाकर्ताओं को स्थान नहीं मिला। ऐसे में राज्य सरकार ने याचिकाकर्ताओं को सेवा से अलग करने के आदेश दे दिए।

याचिका में कहा गया कि हाईकोर्ट में विवादित प्रश्नों को चुनौती देने वाली याचिका में याचिकाकर्ताओं को पक्षकार नहीं बनाया गया था। ऐसे में उनकी सेवा समाप्ति से पूर्व याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का मौका नहीं दिया गया। इसके अलावा पूर्व में प्रथम परिणाम जारी होने के बाद याचिकाकर्ताओं को नियुक्ति देने में उनकी ओर से कोई फर्जीवाड़ा नहीं किया गया था और उन्हें निष्पक्ष तरीके से नियुक्ति मिली थी। ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट तय कर चुका है कि अभ्यर्थियों को सेवा से नहीं हटाया जा सकता और उन्हें मेरिट में सबसे नीचे रखा जाता है। इसलिए याचिकाकर्ता को सेवा से नहीं हटाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं को सेवा में बनाए रखने को कहा है।

### दिल्ली की तीसरी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रहने के उनके पूर्वनिर्णय के बावजूद, यथास्थिति बनाये रखना अतर्कसंगत होता जा रहा था।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा केजरीवाल की जमानत के साथ लगाई गई शर्तों के चलते, वे निष्प्रभावी हो गए थे, क्योंकि न तो वे अपने कार्यालय में जा सकते थे तथा न वे मुख्यमंत्री की हैसियत से फाइलों पर हस्ताक्षर ही कर सकते थे। इस अनिश्चितता तथा शासन-प्रशासन के ढांचे के अभाव के चलते, केन्द्र को हस्तक्षेप करने का बहाना मिल सकता था, लेकिन दूरगामी सोच से काम लेते हुए, उन्होंने उस सम्भावना को नकार देने की कोशिश की है।

उपराज्यपाल के साथ आप की पहले ही कई भिड़न्त हो चुकी हैं तथा केजरीवाल यह कह चुके हैं कि केन्द्र द्वारा किए गए अनेकानेक बदलावों/संशोधनों के कारण आप सरकार का काम-काज एक प्रकार से प्रतिबन्धित हो गया है। ऐसी सम्भावना है कि उनके त्यागपत्र देने से शहर राष्ट्रपति-शासन से बच जायेगा।

पहली बात, किसी भी पार्टी के राजनैतिक भविष्य को जाँचने-परखने के मामले में मतदाताओं के ट्रैक-रिकार्ड के बारे में कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि बोफोर्स सौदे को लेकर विश्वनाथ प्रताप सिंह के भ्रष्टाचार -विरोधी अभियान के फलस्वरुप, राजीव गांधी तथा कांग्रेस की सत्ता चली गई थी, लेकिन इसी प्रकार के भ्रष्टाचार विरोधी कथानक और कहीं तथा सदैव चुनावी जीत का रुप नहीं ले सके। केजरीवाल अब अपनी प्रतिष्ठा को दाँव पर लगाकर, जनता का समर्थन पाने की कोशिश कर रहे हैं।

दूसरी बात, केजरीवाल का यह कदम दिल्ली में आप का प्रभुत्व पुन: स्थापित करने की रणनैतिक गणना का एक हिस्सा हो सकता है। सर्वविदित है कि दिल्ली ही आप की पहचान का केन्द्र है। दिल्ली ही वह नगर है, जहाँ भ्रष्टाचार -विरोधी आंदोलन शुरु हुआ था तथा इसके बाद ही आम आदमी पार्टी अस्तित्व में आई थी। 2014 में अपनी सीमाओं को महसूस करने के बाद, पार्टी ने 2014 तथा फिर 2022 में, पंजाब में उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की थी।

### जेडीए की...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अश्विनी चौबीसा ने अदालत को बताया कि जेडीए के जोन-5 के खसरा संख्या 39 का खातेदार जेडीए है। इसके बावजूद, कुछ लोगों ने इस जमीन पर अतिक्रमण कर रखा है। पूर्व में भी इस मामले में हाईकोर्ट ने वर्ष 2014 में तत्कालीन जोन उपायुक्त को कहा था कि इस जमीन पर तृतीय पक्षकार के अतिक्रमणों को हटाया जाए, लेकिन जेडीए ने आदेश की पालना नहीं की और इस जमीन पर लगातार अतिक्रमण जारी रहे।

इस संबंध में याचिकाकर्ता ने जेडीए सहित स्थानीय प्रशासन, बिजली व पीएचईडी विभाग सहित पुलिस प्रशासन को कई प्रतिवेदन दिए, लेकिन इसके बावजूद, अतिक्रमण नहीं हटाए गए।

इसलिए जेडीए की इस खातेदारी जमीन से अतिक्रमण हटाए जाएं। वहीं, उन दोषी अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, जिनके चलते सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हुआ है। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# क्वाड शिखर सम्मेलन के लिये मोदी 21 को अमेरिका जायेंगे

## प्र.मंत्री 23 सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के शिखर सम्मेलन को भी सम्बोधित करेंगे

नयी दिल्ली, 17 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया के चतुष्कोणीय गठबंधन क्वाड के चौथे शिखर-सम्मेलन तथा न्यूयॉर्क में भविष्य पर शिखर-सम्मेलन में भाग लेने के लिए 21 सितंबर को तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका रवाना होंगे।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, मोदी यात्रा के दौरान, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की मेज़बानी में विलमिंगटन, डेलावेयर में 21 सितंबर को होने वाले चौथे क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत को करनी थी लेकिन अमेरिकी पक्ष के अनुरोध के बाद, भारत 2025 में अगले क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए सहमत हो गया है।

क्वाड शिखर सम्मेलन में, चारों देशों के नेता पिछले एक वर्ष में क्वाड द्वारा हासिल की गई प्रगति की समीक्षा करेंगे और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र के देशों को उनके विकास लक्ष्यों और आकांक्षाओं को पूरा करने में सहायता करने के लिए आने वाले वर्ष के लिए एजेंडा निर्धारित करेंगे।

विदेश मंत्रालय के अनुसार 23 सितंबर को प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शिखर सम्मेलन का विषय बेहतर कल के लिए बहुपक्षीय समाधान है। शिखर सम्मेलन में बड़ी संख्या में वैश्विक नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

### ममता बनर्जी ने अपने पसंदीदा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आधी जीत है, मैच अभी नहीं जीता गया है, इससे सरकार में कोई बदलाव नहीं होगा।

ममता बनर्जी को हैल्थ विभाग में भी कई पुलिस अफसरों के तबादले करने पड़े, सिर्फ जूनियर डॉक्टर्स को मनाने के लिए, ताकि वे ड्यूटी पर लौट आएं। जूनियर डॉक्टर एक महिला ट्रैनी डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के मामले में एक महीने से आंदोलनरत हैं।

जूनियर डॉक्टर्स अब विचार कर रहे हैं कि ड्यूटी पर लौटा जाए या फिर आंदोलन को आगे खींचा जाए क्योंकि अभी भी उनकी कुछ मांगें लम्बित हैं। ममता बनर्जी ने जूनियर डॉक्टर्स से काम पर लौटने की अपील की है। मंगलवार का दिन ममता बनर्जी के लिए ज्यादा अच्छा नहीं रहा। ममता बनर्जी के तमाम पैंतरों के बाद भी डॉक्टर्स अड़े रहें।

ममता बनर्जी को सुप्रीम कोर्ट से भी ज्यादा सहानुभूति नहीं मिली जो कि कलकता मर्डर केस की सुनवाई कर रहा है। कोर्ट ने जूनयिर डॉक्टर्स के काम पर नहीं लौटने को लेकर सरकार की दलील को स्वीकार कर डॉक्टर्स को काम पर लौटने के स्पष्ट निर्देश नहीं दिए। लेकिन जूनियर डॉक्टर्स ने अभी तक भी आंदोलन वापस नहीं लिया है। वे कई अन्य को भी हटाने की मांग कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने सी.बी.आई. की गोपनीय रिपोर्ट पर चिंता जताई और कहा कि केस की जांच संबंधी कई बातें जजों के लिए भी "डिस्टर्बिंग" है। तीन जजों की बैंच ने कोर्ट में प्रस्तुत रिपोर्ट के कुछ भागों पर पीड़ा जताई।

जूनियर डॉक्टर्स अपने रुख से जरा भी नहीं डिगे और मृतक पीड़िता के लिए न्याय की मांग पर अड़े रहे। वे आरोपियों के ट्रायल की मांग के साथ आंदोलन जारी रखेंगे। अभी तक सरकार ने सिर्फ एक ही आदमी को गिरफ्तार किया है।

### खड़गे ने मोदी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इतिहास रहा है जिसने भारतीय लोकतंत्र की गरिमा बढ़ाई है।

उन्होंने कहा कि करोड़ों कांग्रेस नेता और पार्टी कार्यकर्ता राहुल की जीभ काटने की विवादास्पद टिप्पणी से नाराज़ हैं क्योंकि इसी नफरत की वजह से महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या हुई थी इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि वे अपनी पार्टी के उन नेताओं के खिलाफ सख्त एक्शन लें कि जिन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ यह बयान दिया है।

### चुनाव के पूर्व केजरीवाल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हैं बल्कि आक्रामक भी हैं तथा चूँकि वो एक हार्डकोर लैफ्टिस्ट (वामपंथी) पृष्ठभूमि की हैं, इसलिए इस बात की बहुत कम संभावना है कि वो भाजपा के साथ हाथ मिलाएंगी।

उनके माता-पिता इतने कट्टर वामपंथी थे कि उन्होंने आतिशी का नाम मारलेना (मार्कसिस्ट-लैनिनिस्ट) रखा तथा काफी बाद में आतिशी ने अपने आपको "आतिशी" नाम दिया। अपने पहले कार्यकाल में वो केवल एक विधायक थीं, लेकिन केजरीवाल के इस कार्यकाल में उन्हें प्रमुख विभाग मिले और अब मुख्यमंत्री का पद।

आंतरिक रुप से भाजपा की चुनावी गणित का आधार यह कैल्कुलेशन था कि दिल्ली में शीघ्र ही राष्ट्रपति शासन लागू होगा, प्रशासनिक पेचीदगियों के कारण और भाजपा की राह आसान हो जाएगी पर केजरीवाल ने इस्तीफा देकर व नया मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा की "प्लानिंग" पर पानी फेर दिया। अब सारा कंट्रोल केजरीवाल के हाथ में ही रहेगा, तथापि, इस बार पर्दे के पीछे से।

भाजपा की एक चिंता यह भी है कि यदि हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस जीत गई तो वो दिल्ली में भी मजबूत हो जाएगी और भाजपा के लिए यह अच्छी खबर नहीं होगी, जिसे बहुत लंबे समय से दिल्ली विधानसभा चुनावों में विजय हासिल नहीं हुई है।

# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उनसे...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **मुख्यमंत्री ने कहा, 5 साल में निजी क्षेत्र में 6 लाख व सरकारी क्षेत्र में 4 लाख रोजगार सृजित किए जाएंगे जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा।**

कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन मना रहा है। मोदी के जन्मदिन पर हमें उनके दूरदर्शी संकल्पों और असाधारण परिश्रम से प्रेरणा लेनी चाहिए और वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश तथा राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने के लिए समग्र प्रयास करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। पांच वर्षों में निजी क्षेत्र में 6 लाख एवं सरकारी क्षेत्र में 4 लाख सहित कुल 10 लाख रोजगार अवसरों का सृजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने लगभग 41 हजार नियुक्तियां प्रदान की हैं, जिनमें से आज 8 हजार 32 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं। शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में भर्ती परीक्षाओं में युवाओं के साथ खिलवाड़ हुआ। जिन्होंने अन्याय किया, उनके विरूद्ध हम कठोर कार्रवाई कर रहे हैं। चाहे कितना ही बड़ा व्यक्ति हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किए गए "स्वच्छ भारत मिशन" के सार्थक परिणाम आए हैं और जनमानस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आई है। उन्होंने कहा कि आज "स्वच्छता ही सेवा-2024" अभियान की शुरुआत की गई है। शर्मा ने कहा कि "नमस्ते योजना" के अंतर्गत सफाई कार्य में लगे सफाई मित्रों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए कार्य किया जा रहा है और उन्हे बीमा-कवरेज भी प्रदान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को घर मिले, इस दिशा में केन्द्र एवं राज्य सरकार प्रयासरत हैं। आज 2 हजार 100 करोड़ से अधिक की लागत से 1 लाख 45 हजार लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं 31 हजार लाभार्थियों को गृह प्रवेश करवाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि योजना से वंचित पात्रों को शामिल करने के लिए हमने प्रधानमंत्री से आग्रह किया। अब "आवास प्लस-2024" के तहत ऐसे परिवारों को आवास मिलेंगे। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों को मकान की चाबी एवं स्वीकृति पत्र भी वितरित किए।

शर्मा ने "मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मा) वाउचर योजना" का शुभारंभ भी किया। इस योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाएं 1,161 निजी पंजीकृत सोनोग्राफी केन्द्रों पर नि:शुल्क सोनोग्राफी करा सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान 'वेस्ट टु आर्ट' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चैक भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने 10 हजार 376 करोड़ से अधिक लागत के 1 हजार 527 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें कुसुम कम्पोनेंट-सी योजना के तहत, 5 हजार 254 करोड़ रुपये की लागत से 1,500 मेगावाट क्षमता से अधिक की 608 परियोजनाएं शामिल हैं। साथ ही, 5 हजार 120 करोड़ की लागत के 919 कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास हुए। इस अवसर पर शर्मा ने जैसलमेर के भैसाड़ा गांव में एन.टी.पी.सी. रिन्यूएबल एनर्जी लि. के 160 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का लोकार्पण भी किया। साथ ही, इस दौरान एन.टी.पी.सी. ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के मध्य संयुक्त उपक्रम कंपनी की स्थापना के लिए हस्ताक्षर किए गए। इस संयुक्त उपक्रम कंपनी के माध्यम से राज्य में 25 हजार मेगावाट की अक्षय उर्जा परियोजनाओं की स्थापना को गति मिलेगी।

कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ व अन्य प्रमुख अधिकारी एवं लाभार्थी मौजूद थे।

### नीतीश कुमार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निर्मित पार्टी जन सूरज पार्टी के प्रशान्त किशोर ने भी कुमार की "अधपकी भूमि सर्वे पहल" पर कटाक्ष किए हैं।

शेष भारत की तरह, कृषि-प्रधान बिहार में भी भूमि एक संवेदनशील मुद्दा है। गुजरात तथा आन्ध्रप्रदेश सरकारों के सर्वे के अनुभव सकारात्मक नहीं रहे हैं। गुजरात सरकार को 2018 में उस समय भूमि-सर्वे का काम रोक देना पड़ा था, जब आपने इस मुद्दे को लेकर बहुत हो-हल्ला किया था। आन्ध्र में, भूमि-सर्वे को लेकर जनता के आक्रोश के कारण, जगन मोहन रेड्डी की वाई.एस.आर. कांग्रेस चुनाव हार गई थी। नए मुख्यमंत्री एन.चन्द्रबाबू नायडू ने, जून में सत्ता सँभालने के बाद, डिजिटल सर्वे कराने के प्रोजेक्ट के निर्णय को तुरन्त ही पलट दिया था। बिहार के पुराने राजनैतिक पर्यवेक्षक प्रियरंजन भारती ने कहा कि भाजपा सहित, गठबन्धन के अन्य घटक दलो के दबाव के कारण, मुख्यमन्त्री कुमार भूमि-सर्वे को रोकने के लिए बाध्य हो जाएंगे।

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908